संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, बुधवार, 26 जून 2024 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 15 अंकः 175 पृष्ठः 08 | RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com | उत्तराखण्ड संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की।

### आदर्श विचार



"धरती पर जिस तरह मौसम में बदलाव आता हैं, उसी तरह जीवन में भी सुख-दु:ख आता जाता रहता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।"

-स्वामी विवेकानंद

# लोकसभा स्पीकर पर सहमति नहीं, आज चुनाव होगा

● बिरला के खिलाफ कांग्रेस ने के. सुरेश को उतारा; टीएमसी ने कहा- कांग्रेस का फैसला एकतरफा, स्पीकर पद के लिए आखिरी समय में बिगड़ गई बात

**आज वोटिंग**

▶▶ विपक्षी गठबंधन ने भी स्पीकर पद के लिए अपना उम्मीदवार उतार दिया है, नहीं बनी आम सहमति

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** 18वीं लोकसभा के लोकसभा अध्यक्ष पद को लेकर एनडीए और इंडिया गठबंधन में रार मच गई है। आजादी के बाद पहली बार लोकसभा स्पीकर का चुनाव होने जा रहा है। विपक्षी गठबंधन ने भी स्पीकर पद के लिए अपना उम्मीदवार उतार दिया है। केरल से कांग्रेस सांसद के. सुरेश ने इंडिया गठबंधन उम्मीदवार बनाए गए हैं। के. सुरेश का मुकाबला एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार ओम बिरला से होगा। बिरला 17वीं लोकसभा में भी अध्यक्ष रह चुके हैं। संसद में लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव बुधवार को होगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए आम सहमति बनाने को लेकर विपक्षी नेताओं की केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह संसद में मुलाकात हुई। लेकिन इस बैठक में भी आम सहमति नहीं बन सकी। विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने राजनाथ सिंह से कहा कि हम एनडीए उम्मीदवार के समर्थन के लिए तैयार हैं, लेकिन उपसभापति के पद का क्या होगा? विपक्षी गठबंधन की मांग पर राजनाथ सिंह ने कोई जवाब नहीं दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा अध्यक्ष के नाम पर आम सहमति बनाने के लिए सभी विपक्षी दलों के नेताओं से संपर्क किया था। इसी दौरान उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से भी बात की थी। खरगे ने रक्षा मंत्री से कहा था कि हम एनडीए उम्मीदवार का समर्थन करेंगे। लेकिन ये समर्थन हम तभी देंगे, जब विपक्ष को उपसभापति का पद मिले। इस पर राजनाथ सिंह ने उन्हें फिर से कॉल करने की बात कही थी। सूत्रों के मुताबिक राजनाथ सिंह ने विपक्ष को उपसभापति पद की मांग पर कोई आश्वासन नहीं दिया। मंगलवार सुबह लोकसभा अध्यक्ष के लिए आम सहमति बनाने को लेकर एक बार फिर विपक्षी नेताओं की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुलाकात हुई। लेकिन इस बैठक में भी आम सहमति नहीं बन सकी। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बैठक में राजनाथ सिंह ने इंडिया गठबंधन के नेताओं को बताया कि स्पीकर के लिए हम ओम बिरला के नाम पर आप सभी का समर्थन चाहते हैं। इस पर विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने कहा कि हम समर्थन के लिए तैयार हैं, लेकिन उपसभापति के पद का क्या होगा? वह पद विपक्षी गठबंधन को मिलना चाहिए। लेकिन विपक्षी गठबंधन की मांग पर राजनाथ सिंह ने कोई जवाब नहीं दिया। राजनाथ की तरफ से जवाब नहीं मिलने पर कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने उनसे कहा कि आपने कहा था कि हम डिप्टी स्पीकर को लेकर आपको मंगलवार सुबह बताएंगे। लेकिन अभी तक आपने बताया नहीं है। राजनाथ की तरफ कोई ठोस जवाब नहीं मिलने के बाद केसी वेणुगोपाल और डीएमके नेता टीआर बालू राजनाथ सिंह के कार्यालय से बाहर आ गए। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि विपक्ष लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव लड़ेगा, उन्होंने सरकार पर डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को देने में आनाकानी करने का आरोप लगाया है।





## ओम बिड़ला के खिलाफ प्रत्याशी उतारने पर बीजेपी खफा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा स्पीकर को लेकर विपक्ष की तरफ से प्रत्याशी की घोषणा के बाद भाजपा ने इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को कांग्रेस को आपातकाल पर घेरते हुए उस पर जबरदस्त हमले बोले। नड्डा ने लोकसभा अध्यक्ष पद के चुनाव में एनडीए के खिलाफ उम्मीदवार उतारने के लिए विपक्ष की निंदा की। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में कांग्रेस ने एनडीए के ओम बिड़ला के खिलाफ अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेता के. सुरेश को उम्मीदवार बनाया है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा 1975 में लगाए गए आपातकाल की 49वीं बरसी के मौके पर भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान नड्डा ने लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव के मुद्दे पर कांग्रेस पर पाखंड और दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि मुख्य विपक्षी दल की मानसिकता में लोकतंत्र के लिए कोई जगह नहीं है।



**नड्डा ने गिनाए किन राज्यों में विपक्ष के ही स्पीकर और डिप्टी स्पीकर:** नड्डा ने सवाल किया, आज तक कभी भी लोकसभा के स्पीकर का चुनाव सशर्त हुआ है? विपक्ष कह रहा है कि डिप्टी स्पीकर तय करो तब हम स्पीकर को समर्थन देंगे। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यह बात वह लोग कह रहे हैं जिन्होंने अपने शासन वाले राज्यों में खुद इसका पालन नहीं किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में तेलंगाना में स्पीकर और डिप्टी स्पीकर दोनों अपने बनाए हैं। उन्होंने कहा, ह्यह्यकनार्टक में इनका ही स्पीकर और इनका ही डिप्टी स्पीकर है। ममता बनर्जी लोकतंत्र की बात करती हैं लेकिन पश्चिम बंगाल में भी टीएमसी का ही स्पीकर और डिप्टी स्पीकर है। तमिलनाडु में इनका

## राजनाथ सिंह ने नहीं किया कॉल बैकः राहुल

**मंगलवार** सुबह कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार कहा था कि विपक्ष को सरकार के साथ रचनात्मक सहयोग करना चाहिए। सोमवार शाम को राजनाथ सिंह ने मल्लिकार्जुन खरगे को फोन किया और उनसे लोकसभा अध्यक्ष पद पर समर्थन देने को कहा। पूरे विपक्ष ने कहा कि हम लोकसभा अध्यक्ष का समर्थन करेंगे, लेकिन परंपरा यह है कि उपसभापति का पद विपक्ष को दिया जाना चाहिए।

## कौन है इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के. सुरेश?

**कोडिकुन्निल** सुरेश यानी के. सुरेश केरल की मावेलिकारा लोकसभा सीट से सांसद हैं। साल 1989 से उनका इस सीट पर कब्जा है। उन्हें लोकसभा में सबसे ज्यादा अनुभव हैं। वे अब तक 7 बार सांसद बन चुके हैं। साथ ही के सुरेश कांग्रेस की सरकार में 2012 से 2014 तक राज्य मंत्री थे। साल 2018 में उन्हें केरल कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष भी बनाया गया था। जाने माने दलित नेता के. सुरेश एआईसीसी के सचिव भी रह चुके हैं। जानकारी के अनुसार, के. सुरेश के नामांकन पत्र में इंडिया ब्लॉक के सहयोगी डीएमके, शिवसेना (उद्धव), शरद पवार (एनसीपी) और अन्य प्रमुख दलों ने हस्ताक्षर किए हैं। टीएमसी ने अभी तक हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

## स्पीकर पद की गरिमा का ध्यान रखे कांग्रेसः रिजिजू

**संसदीय** कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, "पिछले 2 दिनों से हमने विपक्ष की प्रमुख पार्टियों से संपर्क किया और स्पीकर के पद को लेकर हमारी बात हुई। जब से देश आजाद हुआ है तब से लेकर आज तक कभी स्पीकर का चुनाव नहीं हुआ है और हम चाहते हैं कि स्पीकर को निर्विरोध सर्वसम्मति से चुना जाए इसलिए हमने उनसे संपर्क और अपील की। समर्थन देने की अपील की लेकिन उन्होंने कहा कि वे समर्थन देंगे पर उपसभापति का पद उन्हें चाहिए।

## जेल में ही रहेंगे केजरीवालः हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केजरीवाल को अभी जेल में ही रहना होगा। दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ट्रायल कोर्ट से मिली जमानत पर रोक लगा दी है। जस्टिस सुधीर कुमार जैन की वेकेशन बेंच ने कहा कि ट्रायल कोर्ट का आदेश सही नहीं है। उसे सभी दस्तावेज पर गौर करना चाहिए था। हाई कोर्ट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने मनी लांड्रिंग एक्ट की धारा 45 की दो शर्तों का पालन नहीं किया है। ट्रायल कोर्ट को ईडी को दलीलें रखने का पर्याप्त मौका देना चाहिए। ट्रायल कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के पहले के आदेशों को सही ढंग से नहीं लिया। हाई कोर्ट ने कहा कि केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट की ओर से अंतरिम जमानत चुनाव प्रचार के लिए दी गई थी। ऐसे में उस आदेश का हवाला व्यक्तिगत स्वतंत्रता के लिए नहीं दिया जा सकता है। हाई कोर्ट ने 21 जून को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा था कि ट्रायल कोर्ट का पूरा आदेश ही गलत है। ईडी के मुताबिक ट्रायल कोर्ट ने ईडी की दलीलों और साक्ष्यों पर बिल्कुल गौर नहीं किया और न ही कानून के मुताबिक फैसला दिया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू से की मुलाकात।

## ओवैसी ने शपथ लेने के बाद लगाया जय फलस्तीन का नारा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा में सांसदों का शपथग्रहण जारी है। इस बीच तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद से एक बार फिर चुनकर सांसद बने असदुद्दीन ओवैसी ने लोकसभा में अपने शपथग्रहण से नए विवाद को जन्म दे दिया। दरअसल, ओवैसी ने शपथ लेने के आखिर में जय फलस्तीन का नारा लगाया। इसे लेकर सोशल मीडिया यूजर्स ने उन पर निशाना साधा। ओवैसी ने अपनी शपथ के अंत में कहा, "जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना, जय फलस्तीन, तकबीर अल्लाह-हू-अकबर।"

## इमरजेंसी लगाने वाले संविधान पर प्यार न जताएंः मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आपातकाल के 49 वर्ष होने पर लोकतंत्र के इस काले दिन को याद किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन उन सभी महान पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया। उन्होंने कहा कि आपातकाल का काला दिवस हमें याद दिलाता है कि कैसे कांग्रेस पार्टी ने बुनियादी स्वतंत्रताओं को नष्ट किया और भारत के उस संविधान को रौंदा, जिसका हर भारतीय बेहद सम्मान करता है।

**देश को जेलखाना बना दिया था:** पीएम मोदी ने कहा कि सत्ता पर काबिज रहने के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने हर लोकतांत्रिक सिद्धांत की अवहेलना की और देश को जेलखाना बना दिया था। कांग्रेस से असहमत होने वाले हर व्यक्ति को प्रताड़ित किया गया। सबसे कमजोर वर्गों को निशाना बनाया गया और सामाजिक रूप से प्रतिगामी नीतियां लागू की गईं।

**संविधान के प्रति प्रेम दिखाने का अधिकार नहीं:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आपातकाल लगाने वालों को हमारे संविधान के प्रति अपने प्रेम को दर्शाने का कोई अधिकार नहीं है। ये वही लोग हैं, जिन्होंने अनगिनत मौकों पर अनुच्छेद 356 थोपा, प्रेस की स्वतंत्रता को खत्म करने वाला विधेयक पारित किया, संघवाद को नष्ट किया और संविधान के हर पहलू का उल्लंघन किया।



**कसा तंज**

▶▶ इस बार दूसरी इमरजेंसी से बचने के लिए जनता ने वोट किया: चिदंबरम

## 'अगले हफ्ते होगी नीट-पीजी परीक्षा की तारीख की घोषणा'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट)-पीजी परीक्षा की तारीख की घोषणा अगले हफ्ते की जा सकती है। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) के अध्यक्ष अभिजात सेठ ने मंगलवार को बताया कि परीक्षा की सुचिता सुनिश्चित करने के लिए सरकार जल्द से जल्द एसओपी और प्रोटोकॉल की समीक्षा कर रही है। आने वाले हफ्ते में परीक्षा की नई तारीख की घोषणा की जाएगी। एनबीईएमएस के अध्यक्ष अभिजात ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पिछले सात वर्षों से हमने अब तक सफलतापूर्वक नीट पीजी परीक्षा आयोजित की है। हाल की घटनाओं के कारण ऐसा हुआ है कि छात्रों में परीक्षाओं को लेकर बहुत सारी चिंताएं उत्पन्न हो गई हैं। छात्रों की चिंताओं के मद्देनजर सरकार ने परीक्षा की सुचिता सुनिश्चित करने के लिए एक बार फिर से एसओपी और प्रोटोकॉल की समीक्षा करने का फैसला लिया है।

## यूपी में पेपर लीक किया तो उम्रकैद तक होगी

एक करोड़ का जुर्माना भी लगेगा; योगी कैबिनेट ने अध्यादेश को दी मंजूरी; 43 प्रस्ताव पास किए

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में परीक्षाओं को पारदर्शी और शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए योगी सरकार ने एक और अहम कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकभवन में आयोजित कैबिनेट बैठक में सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों और पेपर लीक की रोकथाम के लिए अध्यादेश को मंजूरी प्रदान की गई है। इस अध्यादेश के तहत उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सजा के कड़े प्राविधान सम्मिलित किए गए हैं, जिनमें 2 साल से लेकर आजीवन कारावास तक का दंड और एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने को शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार पहले भी पेपर लीक जैसे मामलों पर कड़े कदम उठा चुकी है और अब इस अध्यादेश को इसी क्रम में एक और बड़ा कदम माना जा रहा है।



**भारतीय मंदिर संग्रहालय बनाएगा टाटा संस**

**प्रदेश** के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या में टाटा संस अपने सीएसआर फंड से भारतीय मंदिर संग्रहालय का निर्माण कराएगा। इस प्रस्ताव को भी कैबिनेट से मंजूरी मिल गई। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से टाटा संस कुल 750 करोड़ रुपए खर्च करेगा। यह संग्रहाल विश्वस्तरीय होगा।

## वित्त मंत्री ने व्यापार प्रतिनिधियों के साथ की बजट पूर्व बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को यहां आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर व्यापार और सेवाओं के प्रतिनिधियों के साथ बजट-पूर्व परामर्श बैठक की। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर कहा कि आगामी आम बजट 2024-25 के लिए व्यापार और सेवाओं के प्रतिनिधियों ने वित्त मंत्री सीतारमण को अपने सुझाव दिए। बजट पूर्व इस परामर्श बैठक में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव, व्यय विभाग के सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सचिव तथा केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए।



**सुधार गृह**

बॉम्बे हाईकोर्ट बोला- अपराध चाहे कितना गंभीर हो, आरोपी की उम्र नजरअंदाज नहीं कर सकते

## पोर्श एक्सीडेंट केस में नाबालिग को जमानत मिली

**टीम एक्शन इंडिया**

**पुणे:** पुणे पोर्श एक्सीडेंट केस में बॉम्बे हाईकोर्ट ने आरोपी नाबालिग को जमानत दे दी है। साथ ही उसे बाल सुधार गृह से तुरंत रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि हमें आरोपी के साथ वैसे ही पेश आना होगा, जैसे हम कानून का उल्लंघन करने वाले किसी और बच्चे के साथ पेश आते। फिर चाहे अपराध कितना भी गंभीर क्यों न हो। नाबालिग आरोपी ने 18-19 मई की रात पुणे के कल्याणी नगर इलाके में आईटी सेक्टर में काम करने वाले बाइक सवार युवक-युवती को टक्कर मारी थी, जिससे दोनों की मौत हो गई। घटना के समय आरोपी नशे में था। वह 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पोर्श स्पोर्ट्स कार चला रहा था। उसे 22 मई को बाल सुधार गृह भेजा गया था। बॉम्बे हाईकोर्ट ने यह आदेश आरोपी लड़के की आंटी की तरफ से दाखिल याचिका पर दिया। पिछले हफ्ते दाखिल की गई इस याचिका में कहा गया था कि लड़के को गैरकानूनी तरीके से हिरासत में रखा गया है। उसे तुरंत रिहा किया जाना चाहिए। याचिका में यह भी कहा गया था कि लोगों के गुस्से और राजनीतिक एजेंडे के चलते पुलिस जांच के सही रास्ते से भटक गई। इस वजह से जुवेनाइल जस्टिस (केयर एंड प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन) एक्ट का उद्देश्य पूरा नहीं हो सका। याचिका पर हाईकोर्ट में 21 जून को सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने आदेश रिजर्व रख लिया था और फैसला सुनाने के लिए आज की तारीख दी थी।

**हाईकोर्ट ने कहा- आरोपी की उम्र 18 साल से कम, उसे ध्यान में रखना जरूरी:** जस्टिस भारती डांगरे और मंजुशा देशपांडे ने आरोपी को ऑब्जर्वेशन होम भेजने के जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के आदेश को रद्द कर दिया। जजों ने कहा कि हम नाबालिग की आंटी की तरफ से दाखिल याचिका को स्वीकार करते हुए उसे रिहा करने का आदेश देते हैं।



**कोर्ट की टिप्पणी**

▶▶ वह 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पोर्श स्पोर्ट्स कार चला रहा था। उसे 22 मई को बाल सुधार गृह भेजा गया था

## छात्रों-अभिभावकों से सुझाव लेंगेः कमेटी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** शिक्षा मंत्रालय द्वारा परीक्षाओं के संचालन की निगरानी के लिए गठित उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति के चेयरमैन डॉ. के. राधाकृष्णन ने कहा है कि समिति की पहली प्राथमिकता छात्रों, अभिभावकों की चिंताओं और सुझावों को जानना होगा।

सात सदस्यीय समिति ने सोमवार को अपनी पहली बैठक में अगले दो सप्ताह में प्राप्त सुझावों को समेकित करने का भी निर्णय लिया है। इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन ने मीडिया को दिये एक बयान में कहा कि समिति की पहली प्राथमिकता छात्रों और अभिभावकों से व्यक्तिगत रूप से और डिजिटल मीडिया के माध्यम से मिलना और उनकी कठिनाइयों को समझना होगा।उन्होंने कहा कि एक और शीर्ष प्राथमिकता एक मजबूत और पूर्णतया सुरक्षित परीक्षा प्रणाली स्थापित करना होगी। उन्होंने कहा कि हमारा इरादा जल्द से जल्द एक मजबूत परीक्षा प्रणाली तैयार करना है। समिति को परीक्षा प्रक्रिया के तंत्र में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एनटीए की संरचना और कार्यप्रणाली पर सिफारिशें करने का काम सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि शिक्षा मंत्रालय ने गत शनिवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा परीक्षाओं को पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए इसरो के पूर्व अध्यक्ष और आईआईटी कानपुर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में सात सदस्यीय विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया था।



**बैठक हुई**

▶▶ समिति की पहली प्राथमिकता छात्रों, अभिभावकों की चिंताओं और सुझावों को जानना होगा: राधाकृष्णन

# मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से की भेंट, उत्तराखंड के विकास पर की चर्चा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट कर उन्हें तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री का दायित्व संभालने पर शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर धामी ने प्रधानमंत्री से विशेषज्ञ समिति-2 की अन्तिम रिपोर्ट पर जल शक्ति मंत्रालय तथा विद्युत मंत्रालय के साथ पुनर्समीक्षा करने और देहरादून-मसूरी रेल लाइन परियोजना को रेल मंत्रालय से स्वीकृत करवाने का अनुरोध किया।

प्रधानमंत्री मोदी से भेंट के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने उन्हें राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की विद्युत ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उत्तराखण्ड को खुले बाजार से प्रतिवर्ष लगभग 1000 करोड़ की ऊर्जा क्रय करनी पड़ती है, जिससे राज्य के वित्तीय संसाधनों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने अलकनंदा, भगीरथी तथा



सहायक नदियों में प्रस्तावित 24 जल विद्युत परियोजनाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गठित विशेषज्ञ समिति-2 की अन्तिम रिपोर्ट पर जल शक्ति मंत्रालय तथा विद्युत मंत्रालय के साथ पुनर्समीक्षा करने के लिए प्रधानमंत्री से अनुरोध किया ।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से यह भी अनुरोध किया कि उत्तराखण्ड राज्य की विशेष भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत राज्य में भारत सरकार तथा उनकी एजेन्सियों के द्वारा सड़क निर्माण परियोजना को सुचारू रूप से क्रियान्वित किये जाने हेतु क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त भूमि के चयन में कठिनाई हो रही है, क्योंकि वर्तमान में प्रचलित वन संरक्षण एवं सवंर्धन नियम, तथा गाईडलाईन 2023 के अनुसार उपरोक्त प्रयोजन हेतु केवल

**अनुरोध**

**- राज्य में प्रस्तावित तीन टनल परियोजनाओं व देहरादून-मसूरी रेल लाइन की मांगी स्वीकृति**

गैर वन भूमि को आधार बनाया गया है, जिसमें समतुल्य गैर वन भूमि में क्षतिपूरक वृक्षारोपण किया जा सकता है। इसमें यह भी प्रावधान किया गया है कि राजस्व विभाग के अभिलेख में दर्ज वन भूमि जो वन विभाग के नियत्रंण में नहीं है, में दो गुना वन भूमि पर क्षतिपूरक वृक्षारोपण किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड के विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों एवं सामरिक महत्व के दृष्टिगत केन्द्र सरकार के उपक्रमों की ओर से कराये जा रहे गैर वानिकी परियोजना के लिए अधिसूचित नियम, 2017 की व्यवस्था को यथावत रखते हुये पूर्व की भांति राज्य में उपलब्ध ह्यअधिसूचित अवनत वन भूमिह्न (आरक्षित एवं संरक्षित वन) में क्षतिपूरक वृक्षारोपण कराये जाने तथा इन सभी प्रयोजन के लिये गतिमान वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्तावों पर सम्बन्धित मंत्रालय को अनुमोदन प्रदान करने के लिए निर्देशित करने का अनुरोध प्रधानमंत्री से किया है।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से राज्य में निवेश प्रोत्साहन के लिए मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क औद्योगिक विकास के लिए भेल हरिद्वार से राज्य को भूमि हस्तान्तरण, एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर, खुरपिया के अनुमोदन का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने मानसखण्ड मन्दिर माला मिशन के अन्तर्गत चिन्हित 48 पौराणिक मन्दिरों में से 16 मन्दिरों में अवस्थापना विकास के कार्य शुरू हो चुके हैं। इन मंदिर मार्गों को दो लेन करने और आपसी कनेक्टिविटी के लिए प्रधानमंत्री से एक हजार करोड़ रुपये की सहायता देने का भी अनुरोध प्रधानमंत्री से किया।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को बताया कि मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के अन्तर्गत कुमाऊँ क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध पूर्णागिरी धाम को विकसित करने के लिये शारदा कॉरिडोर के विकास की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। साथ ही कुमाऊं क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध कैंची धाम के विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। पिथौरागढ़ स्थित सीमान्त गांव गुंजी (आदि कैलाश क्षेत्र) को अन्तरराष्ट्रीय पर्यटन डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए मास्टर प्लान तैयार कर लिया गया है। गुंजी को ह्लशिव नगरीह्लथीम के आधार पर विकसित किये जाने हेतु छः घटक कला संस्कृति, कौशल, ज्ञान, ध्यान, विज्ञान तथा विश्राम, में विभाजित किया गया है। प्रथम चरण में स्वदेश दर्शन योजना-2.0 के अन्तर्गत गुंजी में साधना केन्द्र, ईको ट्रेल, संसाधन केन्द्र, हेरिटेज ग्राम विकसित करना और साहसिक गतिविधियां प्रस्तावित हैं। राज्य सरकार द्वारा गुंजी तथा आदि कैलाश एवं ओम पर्वत के लिये हेली सेवायें उपलब्ध कराये जाने के लिए सर्वे कर लिया गया है।मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से उत्तराखण्ड में रेल सेवाओं के विस्तार के लिए देहरादून-मसूरी रेल लाइन परियोजना की स्वीकृति के लिए रेल मंत्रालय से करवाने के लिए अनुरोध किया। उत्तराखण्ड में प्रस्तावित ज्योलिकांग -वेदांग 5 किमी, सीपू-तोला 22 किमी. और मिलम-लैपथल 30 किमी टनल परियोजनाओं की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति का अनुरोध भी किया है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में देश समग्र विकास के नए आयाम प्राप्त कर सम्पूर्ण विश्व में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करने में सफल होगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को महासू मंदिर की प्रतिकृति भेंट की।

## गरीबों के लिए इग्नू कोर्स शुरू

**गुप्तकाशी/टीम एक्शन इंडिया**

आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बालिकाओं को इग्नू स्टडी सेंटर अगस्त्यमुनि के माध्यम से स्नातक व डिप्लोमा कोर्स करवाया जाएगा। इस प्रवेश प्रक्रिया से इन निर्धन परिवार की बेटियों को नंदा गौरा योजना के अंतर्गत 12वीं कक्षा के उपरांत उच्च शिक्षा में अध्ययनरत होने पर 51 हजार रुपये के लाभ प्राप्ति में भी सहायता मिलेगी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश कुमार मिश्र ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत पूर्व वर्षो की भांति इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी जनपद की आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बालिकाओं को इग्नू स्टडी सेंटर अगस्त्यमुनि के माध्यम से स्नातक एवं डिप्लोमा कोर्स करवाया जाना प्रस्तावित है।

## उत्तराखंड के चार जिलों में आरंभ होंगे लैब्स ऑन व्हील्स मोबाइल सांइस लैब प्रोजेक्ट

**आदेश**

**महानिदेशक शिक्षा को इस संबंध में सभी विद्यालयों को निर्देश जारी करने के आदेश दिए हैं।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने ह्यलैब्स ऑन व्हील्सह्न मोबाइल सांइस लैब प्रोजेक्ट की डैशबोर्ड के माध्यम से नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं। उन्होंने महानिदेशक शिक्षा को इस संबंध में सभी विद्यालयों को निर्देश जारी करने के आदेश दिए हैं।

मंगलवार को हुई बैठक में मुख्य सचिव ने राज्य के ग्रामीण एवं सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों के विद्यालयों में



विज्ञान प्रयोगशालाओं की मजबूती तथा विज्ञान व शिक्षा को जोड़ने वाले प्रोजेक्ट लैब्स ऑन व्हील्स मोबाइल सांइस लैब की समीक्षा के दौरान प्रथम चरण में चंपावत, अल्मोड़ा, देहरादून एवं पौड़ी में इसे संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रोजेक्ट के तहत विज्ञान शिक्षा के लिए बालिकाओं को विशेष रूप से प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं।

शासन ने इस प्रोजेक्ट के लिए पांच करोड़ की धनराशि निर्गत की गई है। राज्य के कक्षा छह से 10 तक के विद्यार्थियों में विज्ञान, टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग तथा गणित विषयों में क्रियात्मक ज्ञान की वृद्धि के लिए 13 जिलों में लैब्स ऑन व्हील्स प्रोजेक्ट के तहत मोबाइन साइंस लैब संचालित की जाएगी। आरंभ में चंपावत, अल्मोड़ा, देहरादून एवं पौड़ी चार जिलों में छह माह तक कार्यक्रम के सफल संचालन के बाद सभी जनपदों में इस प्रोजेक्ट को संचालित किया जाएगा।मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि प्रोजेक्ट लैब्स ऑन व्हील्स के तहत मोबाइल सांइस लैब के माध्यम से राज्य के ग्रामीण एवं सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों के विद्यालयों में विज्ञान प्रयोगशालाओं को सुदृढ़ किया जाए तथा विज्ञान एवं शिक्षा को पूरक बनाने के साथ विज्ञान को लोकप्रिय बनाने व विज्ञान संचार गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य किया जाए। उन्होंने विद्यार्थियों में व्यवहारिक प्रदर्शनों-मॉडलों गतिविधियों और प्रदर्शनों के माध्यम से जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक व गणित पाठयक्रम में अनुभावत्मक कौशल विकसित करने तथा व्यवहारिक शिक्षा को प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए।

राधा रतूड़ी ने लैब्स ऑन व्हील्स के तहत राज्य के दुर्गम एवं ग्रामीण पर्वतीय क्षेत्रों में छात्र-छात्राओं के लिए साइंस फिल्मों के प्रदर्शन, टेलीस्कॉप से लाइव स्काई ऑब्जर्वेशन, विज्ञान मेलों एवं वर्कशॉप का आयोजन, नवाचार मेलों का आयोजन एवं शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण व कार्यशालाओं के आयोजन के निर्देश दिए। राज्य सरकार एवं यूकॉस्ट परिषद की महत्वकांक्षी परियोजना लैब्स ऑन व्हील्स मोबाइल सांइस लैब के लिए अगस्तया फाउंडेशन बेंगलुरू का सहयोग लिया जा रहा है। बैठक में अपर सचिव रंजना राजगुरू, महानिदेशक बंशीधर तिवारी, यूकॉस्ट महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत व अगस्तया फाउंडेशन के संस्थापक थे।

## षड दर्शन साधु समाज की 1219वीं छड़ी यात्रा शुरू



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**

षड दर्शन साधु समाज अखिल भारतीय सनातन धर्म रक्षा समिति द्वारा संचालित देवभूमि उत्तराखंड के चारों धामों के लिए 1219वीं छड़ी यात्रा देवभूमि उत्तराखंड के ऋषिकेश त्रिवेणी घाट के संगम से प्रारंभ होकर विश्वविख्यात चारों धामों की देव भूमि के लिए रवाना हुई।

त्रिवेणी घाट से षड दर्शन साधु समाज अखिल भारतीय सनातन धर्म रक्षा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत गोपाल गिरी के संचालन में आयोजित छड़ी यात्रा का शुभारंभ हर हर महादेव के उसे घोष के साथ किया गया। यह यात्रा उत्तराखंड के चारों धामों के दर्शन करने के उपरांत ऋषिकेश में ही समाप्त होगी।

षड दर्शन साधु समाज अखिल भारतीय सनातन धर्म रक्षा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत गोपाल गिरी ने बताया कि समिति द्वारा संचालित देवभूमि उत्तराखंड के चारों धामों के लिए 1219वीं छड़ी यात्रा का शुभारंभ देवभूमि उत्तराखंड के ऋषिकेश त्रिवेणी घाट के संगम से प्रारंभ होकर विश्वविख्यात चारों धामों की देव भूमि के लिए रवाना हो रही है।

उल्लेखनीय की सन 805 ईस्वी से देवभूमि उत्तराखंड के चारों धामों में सर्वप्रथम छड़ी यात्रा भगवान श्री आदि गुरु शंकराचार्य जी के साथ अखाड़ा श्री पंच दस नाम आह्वान नागा संन्यासी के 550 नागाओं और श्री महंतों द्वारा ऋषिकेश स्थित गौरी शंकर मंदिर त्रिवेणी घाट से प्रारंभ की गई थी। आज भी यहीं से छड़ी यात्रा का शुभारंभ किया जाता है। भगवान आदिगुरु शंकराचार्य द्वारा संपूर्ण भारत में सनातनी मंदिरों का जीर्णोद्धार अखाड़ा श्री शंभू पंचदस नाम आह्वान नागा संन्यासी के 550 नागाओं द्वारा पुनर्निर्माण श्री अखाड़ा शंभूपंच दश नाम आह्वान नागा संन्यासी द्वारा किया गया।

उसी दौरान ऋषिकेश से संपूर्ण उत्तराखंड के मंदिर मठ का पुनर्निर्माण भी किया गया। तभी से यह यात्रा चारों धामों के कपाट खुलने के पश्चात चारों धामों में प्रतिवर्ष जाती है, जिसमें तेरह अखाड़े और 124 संप्रदाय के साधु संत सम्मिलित होते हैं। इसका उद्देश्य विश्व में सुख शांति की कामना है।

## टंकण हेतु निशुल्क आवेदन

**गुप्तकाशी/टीम एक्शन इंडिया**

सेवायोजन विभाग द्वारा जनपद के अंतर्गत अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों से टंकण व्यवसाय में नि:शुल्क आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन-पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून, 2024 है।उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी जयकृत सिंह कंडवाल ने अवगत कराया कि सेवायोजन विभाग के शिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र में जुलाई से दिसंबर तक अनुसूचित जाति, जन जाति, पिछड़े एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं हेतु 6 माह का नि:शुल्क टंकण व्यवसाय हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं।

## राज्यकर विभाग के सहायक आयुक्त रिश्वत लेते गिरफ़्तार

**शिकंजा**

**मुख्यमंत्री धामी ने साफ किया है कि रिश्वत मांगने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

राज्य की धामी सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों के खिलाफ लगातार शिकंजा कस रही है। मंगलवार को विजिलेंस ने राज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त को 75 हजार रुपये की घूस लेते गिरफ़्तार किया है।

धामी सरकार भ्रष्टाचारियों के खिलाफ एक के बाद एक कार्रवाई कर रही है। पिछले कुछ दिन में ही राज्य कर समेत लघु सिंचाई



विभाग, वन विभाग, विद्युत विभाग एवं खाद्य आपूर्ति विभाग के घूसखोर अधिकारी- कर्मचारियों को गिरफ़्तार किया गया है। भ्रष्टाचार की रोकथाम को लेकर मुख्यमंत्री के निर्देश पर टोल फ्री 1064 नंबर भी जारी किया गया है। इस मुहिम के तहत यदि किसी भी सरकारी विभाग में कोई कर्मचारी, अधिकारी आम जनता से किसी भी तरह की रिश्वत मांगता है तो 1064 टोल फ्री नंबर पर कॉल कर शिकायत कर सकता है। शिकायत करने वाले का नाम एवं नंबर गुप्त रखा जाएगा। भ्रष्टाचार की शिकायत पर बेहद सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए जांच एजेंसियों को खुली छूट दी गई है।

इस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने साफ किया है कि विभागों में कमीशन मांगने वालों, जनहित के कार्यों में रिश्वत मांगने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इनके खिलाफ सीधी कार्रवाई की जाएगी। सभी सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को पूरी ईमानदारी और पारदर्शी तरीके से काम करना होगा।

## प्रधान की पत्नी का खेत में मिला लहूलुहान शव, फैली सनसनी

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

मंगलौर कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम कुरड़ी में महिला का लहूलुहान शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक महिला का शव ग्राम प्रधान की पत्नी का बताया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने वन विभाग की टीम को भी मामले की सूचना दी है।

पुलिस के मुताबिक शव को देखकर प्रथम दृष्टया लग रहा है कि मृतक महिला पर पर किसी जंगली जानवर द्वारा हमला किया गया है। इस कारण वन विभाग को भी घटना की सूचना दी गई। मौके पर वन विभाग की टीम भी पहुंची। पुलिस मामले की गम्भीरता को देखते हुए



सभी पहलुओं की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार मंगलौर कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम कुरड़ी के ग्राम प्रधान मांगेराम की पत्नी मिश्रा देवी का शव लहूलुहान अवस्था में गांव के बाहर एक खेत में पड़ा मिला। शव मिलने पर किसी व्यक्ति ने ग्राम प्रधान को उनकी पत्नी का शव खेत में लहूलुहान अवस्था में पड़ा होने की सूचना दी।

ग्राम प्रधान ने घटना की सूचना मंगलौर कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस को मांगेराम ने बताया कि उसकी पत्नी घर से टहलने के लिए निकली थीं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए रुड़की के चिकित्सालय भिजवा दिया है। मौके पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण स्वपन किशोर, उपाधीक्षक विवेक कुमार, कोतवाली प्रभारी अमर चंद शर्मा ने घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली। सीओ मंगलौर विवेक कुमार का कहना है कि प्रथम दृष्टया किसी आदमखोर जंगली जानवर द्वारा महिला पर हमला किया गया है तथा जंगली जानवर के पैरों के पंजों के निशान भी घटनास्थल पर देखे गए हैं लेकिन पुलिस सभी पहलुओं पर जांच में जुट गई है।

## रामप्रकाश गोयल ने अपूर्व वालिया के आरोपों को बताया निराधार

**जांच की मांग**

**रामप्रकाश गोयल ने तथ्यहीन व निराधार बताते हुए प्रशासन से निष्पक्ष की है।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

भू व्यवसायी अपूर्व वालिया द्वारा किराना व्यापारी रामप्रकाश गोयल व परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में कनखल थाने में दर्ज कराए मुकदमे को रामप्रकाश गोयल ने तथ्यहीन व निराधार बताते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

मंगलवार को प्रेस क्लब सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए



रामप्रकाश गोयल ने बताया कि जो आरोप अपूर्व वालिया निवासी ग्राम जगजीतपुर ने लगाए हैं, वह पूरी तरह से निराधार हैं। उन्होंने कहा कि अपूर्व वालिया ने दर्ज मुकदमे में कहा कि उसने दो करोड़ रुपये की धनराशि उनके व उनके परिवार तथा रिश्तेदारों के खाते में ट्रांसफर की है। यदि ऐसा है तो अपूर्व वालिया को ट्रांसफर की गई रकम की बैंक ट्रांजेक्शन भी सार्वजनिक करनी चाहिए।

गोयल ने कहा कि जिस सम्पत्ति को शत्रु सम्पत्ति कहकर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर बेचने का बेबुनियाद आरोप लगाया जा रहा है, उस खसरा नंम्बर की जमीन न तो उनकी है और न ही उन्होंने उसे विक्रय की है। शत्रु सम्पत्ति का खसरा नंम्बर 255 है, जिसका उनसे कोई लेना-देना नहीं है। सत्यता यह है कि जो भूमि उन्होंने अपूर्व वालिया को बेची थी, उसके अतिरिक्त करीब 13 हजार फुट के लगभग जमीन को कब्जा कर अपूर्व वालिया द्वारा बेच दिया गया। गोयल ने बताया कि जमीन की रजिस्ट्री के समय 9 चेक अपूर्व वालिया द्वारा एक करोड़ 11 लाख की धनराशि के उन्हें दिए गए थे, जिनका उल्लेख रजिस्ट्री में भी अंकित है, वह सब अनादृत हो गए जबकि अपूर्व वालिया दो करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप लगाकर उनकी प्रतिष्ठा को समाज में तार-तार करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपूर्व वालिया शातिर व धोखेबाज किस्म का व्यक्ति है। पूर्व में भी अपूर्व वालिया जमीन कब्जाने के प्रयास के आरोप में जेल जा चुका है और अभी जमानत पर बाहर है।

उन्होंने अपूर्व वालिया से अपने व अपने परिवार की जान-माल को खतरा बताते हुए पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाई। उनका कहना है कि यदि उनको व उनके परिवार के किसी भी सदस्य के साथ कोई भी अनहोनी घटना होती है तो उसके जिम्मेदार पूरी तरह से अपूर्व वालिया होंगे। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई।

## उपचुनाव में राज्य की दोनों सीटों पर भाजपा जीतेगी: महेन्द्र भट्ट

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने राज्य की मंगलोर और बदरीनाथ विधानसभा सीटों के उपचुनाव में जीत का दावा किया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि बदरीनाथ और मंगलौर उपचुनाव में 26 जून को नाम वापसी के बाद पार्टी के स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम दोनों क्षेत्रों में शुरू हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि बदरीनाथ सीट पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, भरत सिंह रावत व अन्य विधायकों के साथ प्रचार की कमान संभाले हुए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### लापता नाबालिग का मिला शव, प्रधानपति व उसके नौकर पर दुष्कर्म और हत्या का केस दर्ज

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

दो दिन से लापता युवती का शव पतंजलि रिसर्च सेंटर के समीप से मिलने से मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मृतका की मां की तहरीर पर प्रधानपति और उसके नौकर पर गैंगरेप, हत्या और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

बहादराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 13 वर्षीय नाबालिग बेटी को अमित सैनी नाम के युवक ने अपने प्रेम जाल में फंसा रखा था। 23 जून की शाम उनकी बेटी अचानक लापता हो गई। उन्होंने फोन किया तो फोन को अमित सैनी ने उठाया और लड़की अपने साथ होने की बात कही। बताया कि थोड़ी देर बाद लड़की का फोन बंद हो गया। लड़की की मां के मुताबिक, जब सुबह तक लड़की वापस नहीं आई तो वह प्रधान पति आदित्यराज सैनी के पास पहुंची। अमित सैनी आदित्य राज सैनी के पास ही रहता है।

पीड़ित मां के अनुसार आदित्य ने मामले को पुलिस तक न ले जाने को कहा और मामला खुद निपटाने की बात कही। मंगलवार को उसकी बेटी का शव पतंजलि रिसर्च सेंटर के समीप पड़ा मिला। युवती की मां ने आरोप लगाया कि उसकी बेटी के साथ आदित्यराज सैनी और अमित सैनी ने दुष्कर्म किया और फिर हत्या कर दी। मां ने दोनों पर उसे और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी लगाया है।

इस संबंध में एसओ बहादराबाद नरेश राठौर का कहना है कि पीड़ित पक्ष से तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### यात्रा को लेकर जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने ली बैठक

**गुप्तकाशी/टीम एक्शन इंडिया**

जनपद में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए जिला पर्यटन विभाग द्वारा चारधाम यात्रा मार्ग में उपलब्ध सुविधाओं एवं पर्यटन स्थलों के रखरखाव के संबंध में जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें पर्यटन विभाग द्वारा केदारनाथ यात्रा मार्ग में पार्किंग एवं साफ-सफाई व्यवस्था व अन्य पर्यटन स्थलों पर उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के संबंध में चर्चा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने जिला पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए कि सीतापुर पार्किंग में खनिज न्यास फाउंडेशन से जो धनराशि दुकानों, कियोस्क, पीसीसी, इंटरलॉक एवं विद्युतीकरण कार्य हेतु उपलब्ध कराई गई थी, उसके सापेक्ष उक्त कार्यों हेतु सचिव पर्यटन विभाग द्वारा धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके लिए कार्यदायी संस्था आरईएस से पत्राचार कर उक्त धनराशि को खनिज न्यास फाउंडेशन को वापस करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जनपद में संचालित रोड स्वीपिंग मशीन के रख रखाव एवं साफ-सफाई व्यवस्था में उपलब्ध बीजकों का कोषाधिकारी से परीक्षण कराते हुए तदनुसार ही भुगतान करने की कार्यवाही के निर्देश दिए। जामू एवं कार्तिक स्वामी में वन विभाग के माध्यम से पार्किंग का संचालन का कार्य किया जा रहा है। इसमें पार्किंग के फिक्स रेट के संबंध में उप जिलाधिकारी एवं एसडीओ एवं जिला पर्यटन अधिकारी की समिति गठित करते हुए रेट निर्धारित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में डीटीडीसी के माध्यम से संचालित की जा रही परिसंपत्तियों के माध्यम से अब तक प्राप्त आय एवं व्यय के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

इस संबंध में आय-व्यय का पूर्ण विवरण तैयार करने के निर्देश दिए गए। जिला पर्यटन कार्यालय में दो पीआरडी कार्मिकों की तैनाती के संबंध में जिलाधिकारी ने जिला पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए कि युवा कल्याण के माध्यम से ही पीआरडी की तैनाती हेतु पत्राचार किया जाए।

इस अवसर पर जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे ने पर्यटन विभाग द्वारा यात्रा मार्ग एवं पर्यटन स्थलों में किए जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी अभिमन्यु, मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती, विकासखंड प्रमुख जखोली प्रदीप थपलियाल, पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल, वरिष्ठ कोषाधिकारी चंद्रप्रकाश सती, अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग मीनल गुलाटी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**Name Change**

It is for general information that I, Chintamani Pandey S/o Lalmani Pandey R/o Tulsi Sadan, Sanjay Colony, Near Judgee Court, Bhotia Parao, Haldwani, Nainital, Uttarakhand-263139, declare that my name has been wrongly written as Chinta Mani in my Pension Payment Order (PPO) Number 347198200132. The actual name of mine is Chintamani Pandey, which may be amended accordingly.

# पर्यटन के क्षेत्र में देश का नंबर वन बनेगा उत्तराखंडः सतपाल महाराज

**निरीक्षण**

**सतपाल महाराज ने लोहाघाट के पर्यटक स्थल एबट माउंट व कोली ढेक झील का निरीक्षण किया**



**चंपावत (लोहाघाट)/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश के लोक निर्माण व पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज अपनी धर्मपत्नी अमृता रावत के साथ मंगलवार को लोहाघाट पहुंचे। यहां पहुंचने पर भाजपा कार्यकताओं और अधिकारियों द्वारा महाराज का भव्य स्वागत किया गया।
इस अवसर पर सतपाल महाराज ने लोहाघाट के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल एबट माउंट व कोली ढेक झील का निरीक्षण किया। कोली ढेक झील में पर्यटकों के लिए मूलभूत सुविधाएं न होने पर सतपाल महाराज ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से नाराजगी जताई तथा जल्द से जल्द झील में पर्यटकों के लिए शौचालय, शेड, रेस्टोरेंट व अन्य सुविधाओं का विस्तार करने के निर्देश दिए।
सतपाल महाराज ने कहा कि उनका उद्देश्य उत्तराखंड को पर्यटन के क्षेत्र में देश मे नंबर वन बनाना है। महाराज ने कहा कि आज देश-विदेश के पर्यटक उत्तराखंड आ रहे हैं। आज पर्यटक आदि कैलाश और ओम पर्वत तक बड़ी संख्या में पहुंचे हैं। महाराज ने कहा कि वह खुद लगभग 18 हजार फुट की ऊंचाई में लिपुलेख तक होकर आए हैं। उन्होंने कहा कि लिपुलेख से पर्यटक कैलाश पर्वत के दर्शन आसानी से कर सकते हैं। अब चीन जाने की जरूरत नहीं है।
महाराज ने कहा कि लोहाघाट को भी पर्यटन का हब बनाया जा रहा है। एबटमाउंट व कोली झील का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। पर्यटकों के लिए सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक पर्यटक यहां आ सकें। इसके अलावा क्षेत्र में पैरा ग्लाइडिंग के साथ अन्य पर्यटक गतिविधियों को बढ़ाया जाएगा। युवाओं को अधिक से अधिक होम स्टे के माध्यम से रोजगार से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि होमस्टे में आ रही बाधाओं को दूर कर लिया गया है। युवा अधिक होम स्टे के लिए आवेदन कर सकते हैं तथा होमस्टे व रेस्टोरेंट के माध्यम से पहाड़ी मिलेट्स व व्यंजनों को बढ़ावा दिया जाएगा ताकि पर्यटक उत्तराखंड की संस्कृति से रूबरू हो सकें।

# सीएम धामी ने एम्स पहुंचकर जाना घायल वनकर्मियों का हाल

**कुशलक्षेम**

**मुख्यमंत्री ने निदेशक से घायलों के उपचार के संदर्भ में वार्ता की और घायलों के परिजनों से भी भेंट की**




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पहुंचकर अल्मोड़ा के बिनसर वन्यजीव विहार में वनाग्नि हादसे में गम्भीर रूप से घायल प्रांतीय रक्षक दल के जवान कुन्दन सिंह नेगी, दैनिक श्रमिक कैलाश भट्ट व वाहन चालक भगवत सिंह भोज की मंगलवार को कुशलक्षेम जानी।
मुख्यमंत्री ने एम्स के निदेशक से घायलों के उपचार के संदर्भ में वार्ता की और घायलों के परिजनों से भी भेंट की। इस दौरान घायलों के परिजनों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि अस्पताल प्रशासन की ओर से उच्चस्तरीय उपचार मिल रहा है। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को घायलों के बेहतर उपचार करने के निर्देश दिए ।

## संक्षिप्त खबरें

### कर्मचारियों की समस्याएं तत्काल निस्तारित की जाएं: राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने कर्मचारियों की विभिन्न मांगों के निराकरण के लिए विभिन्न विभागों के आयुक्तों से तत्काल कार्यवाही करने की मांग की है। ऐसा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।
मंगलवार को जानकारी देते हुए परिषद के प्रदेश प्रवक्ता आर पी जोशी ने बताया कि परिषद के घटक संघों उत्तराखण्ड राज्य कर मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन एवं प्रवर्तन कर्मचारी संगठन परिवहन विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा विभाग के कार्मिकों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित विभागों के आयुक्तों को पत्र जारी कर तत्काल मांगों को पूर्ण किए जाने का आह्वान किया है। उन्होंने ऐसा नहीं होने की स्थिति में आन्दोलन की चेतावनी दी।
परिषद के घटक संघ उत्तराखण्ड राज्य कर मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोशिएसन जहां एक ओर राज्य कर विभाग के नवीन उच्चीकृत ढांचे में राज्य कर अधिकारी के पदों में कटौती/समाप्त न किए जाने को लेकर मुखर है, वहीं दूसरी ओर प्रवर्तन कर्मचारी संगठन परिवहन विभाग उत्तराखण्ड 15 जून 2024 को रुद्रप्रयाग जनपद में दुर्घटनाग्रस्त वाहन के सम्बन्ध में चारधाम यात्रा चेकपोस्ट ब्रह्मपुरी/तपोवन में तैनात कर्मचारियों को बिना किसी ठोस सबूत के दोषी ठहराकर निलम्बित किए जाने का विरोध कर रहा है एवं कार्मिकों के निलम्बन को वापस लिए जाने की मांग कर रहा है ।
परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अरुण पाण्डे एवं प्रदेश महामंत्री शक्ति प्रसाद भट्ट द्वारा इस तरह परिषद के घटक संघों के कार्मिकों के विरुद्ध सेवाहितों को प्रभावित करने वाले निर्णयों का पुरजोर विरोध किया है एवं उक्त घटक संघों को अपना नैतिक समर्थन देते हुए सम्बन्धित विभागों के आयुक्तों से मांग की है कि तत्काल सम्बन्धित घटक संघों के साथ वार्ता कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए एवं बिना किसी ठोस सबूत के निलम्बित किए गए कार्मिकों का निलम्बन तत्काल वापस लिया जाए ।

### कार्यकर्ताओं से फीड बैक लेगी कांग्रेसः मथुरा दत्त जोशी



**देहरादून**
प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष नवप्रभात के टिहरी एवं पौड़ी संसदीय क्षेत्रों में आने वाले जनपद उत्तरकाशी, टिहरी, देवप्रयाग और रुद्रप्रयाग के आगामी दो दिवसीय दौरे को लेकर जिला, ब्लॉक एवं नगर अध्यक्षों की जूम ऐप के माध्यम से मीटिंग आहूत की गयी है, जिसमें कार्यकताओं से फीड बैक लिया जाएगा।
बुधवार को प्रदेश उपाध्यक्ष मथुरादत्त जोशी ने बताया कि नवप्रभात 27 एवं 28 जून को दो दिवसीय प्रवास पर रहकर 2024 लोकसभा में हुई हार समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही भविष्य में होने वाले नगर निकाय एवं पंचायत चुनावों को लेकर रणनीति बनाई जायेगी। कांग्रेस पार्टी जहां-जहां कमजोर स्थिति में है, वहां पर संगठन को और अधिक ऊजार्वान बनाने का प्रयास किया जायेगा तथा पार्टी संगठन को मजबूत कैसे बनाया जाये, इस पर काम किया जायेगा।
उन्होंने बताया कि आने वाले समय में देशभर में राजनैतिक संघर्ष काफी तेज होने वाला है, जिसमें हमें मजबूती से तैयारी कर चुनाव लड़ना है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से सुझाव आमंत्रित किये जा रहे हैं तथा जहां कमी रह गयी है, उस कमी को कैसे दूर किया जाए, इसी परिपेक्ष में श्री नवप्रभात का दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम लगाया गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए इसी प्रकार से प्रत्येक जनपदवार भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।
जूम मीटिंग में अनुशासन समिति के अध्यक्ष नवप्रभात, प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन/प्रशासन मथुरादत्त जोशी, मीडिया सलाहकार अमरजीत सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रेम बहुखण्डी, जिलाध्यक्ष राकेश राणा, दिनेश चौहान, मनीष राणा, उत्तम असवाल, कुवंर सजवाण, ब्लॉक अध्यक्ष नवीन भण्डारी, पृथीपाल, शक्ति जोशी, शशि प्रकाश भटट, साब सिंह सजवाण और मनोज पंवार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# वित्त मंत्री से मिलकर उठायीं शिक्षकों की मांगें

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ कूटा ने जिला मुख्यालय आये प्रदेश शहरी विकास एवं वित्त मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल से नैनीताल में शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाते हुए ज्ञापन दिया।
कूटा ने यूजीसी के नियमानुसार 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके प्रोफेसरों को वेतन स्तर-15 और संविदा अतिथि शिक्षकों को 57,700 रुपये प्रतिमाह मानदेय दिये जाने तथा उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने निर्णयानुसार 10 वर्ष कार्य कर चुके संविदा-अतिथि शिक्षकों का नियमितीकरण करने के लिए शासनादेश जारी करने की मांग की।

# जीरो टॉलरेंस का ढिंढोरा पीटने वाली भाजपा सरकार भ्रष्टाचार रोकने में विफल

**जोशी ने कहा**

**हाल ही में नीट भर्ती परीक्षा में हुए पेपर लीक में भी भाजपा के पदाधिकारियों की संलिप्तता उजागर हुई है**




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष मथुरादत्त जोशी ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जीरो टॉलरेंस का ढिंढोरा पीटने वाली भाजपा की राज्य सरकार प्रदेश में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है।
प्रदेश की विधानसभा में हुए बैकडोर भर्ती घोटाले में न्यायालय के आदेशों के उपरान्त बैकडोर से नौकरी पाये कर्मचारियों को तो तुरंत हटा दिया गया
परन्तु जो लोग इस भर्ती घोटाले के कर्णधार थे, उनके गिरेबान तक सरकार हाथ डालने में डर रही है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के बार-बार पूछने पर भी राज्य की धामी सरकार इसलिए कार्रवाई से आनाकानी कर रही है, क्योंकि राज्य में अभी तक जितने भी भर्ती घोटाले हुए हैं उनमें या तो भाजपा सरकार के विभागीय मंत्री शामिल हैं या भाजपा संगठन के पदाधिकारी। उन्होंने कहा कि विधानसभा भर्ती घोटाले में दोषियों पर कार्रवाई के लिए बिना न्यायालय की फटकार के प्रदेश की धामी सरकार एक भी कदम बढ़ाने को तैयार नहीं है।
मथुरादत्त जोशी ने यह भी कहा कि हाल ही में नीट भर्ती परीक्षा में हुए पेपर लीक में भी भाजपा के पदाधिकारियों की संलिप्तता उजागर हुई है, जिससे पूरे देश में भाजपा का बेरोजगार नौजवान विरोधी घृणित चेहरा बेनकाब हो गया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार उत्तराखण्ड की राज्य सरकार को उसकी जिम्मेदारियां याद दिलानी पड़ रही हैं तथा हर मामले में न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है, उससे ऐसा प्रतीत होता है कि न्यायालय को राज्य सरकार डंडे से चलानी पड़ रही है।

# बजट में मिलेगी उत्तराखंड को नई सौगातः महेन्द्र

**ड्रीम प्रोजेक्ट**

**उत्तराखंड प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट का हिस्सा रहता है: भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के लिए बजट में निश्चित रूप से नया उपहार मिलेगा। यह मानना है भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सांसद महेन्द्र भट्ट का।
मंगलवार को उन्होंने चर्चा करते हुए कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बन चुकी है और मंत्रियों को उनके विभाग बांट दिए गए हैं।
इस बार भी वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी निर्मला सीतारमण को मिली है। मोदी 3.0 का पहला बजट सत्र जुलाई महीने में शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है।
बजट सत्र को लेकर उत्तराखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का कहना है उत्तराखंड प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट का हिस्सा रहता है और उत्तराखंड को पूर्व में भी केंद्र से बड़ी सौगात मिली है। इस बार के बजट सत्र में उत्तराखंड के धार्मिक साहसिक पर्यटन और यहां के मोटे अनाजों को बढ़ावा देने के के साथ ही रेलवे कनेक्टिविटी और एयर कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार से बजट स्वीकृत मिल सकती है।

# कुमाऊं विवि की वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पार्वती आर्य का निधन

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
कुमाऊं विश्वविद्यालय की वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पार्वती आर्य (50) का मंगलवार को बरेली में निधन हो गया। पार्वती को पिछले सप्ताह स्वास्थ्य खराब होने पर पहले बीडी पांडे जिला चिकित्सालय तथा यहां से हल्द्वानी के एक निजी चिकित्सालय और फिर भोजीपुरा बरेली के श्री राम मूर्ति मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। वहीं आज उनका निधन हो गया। उनके असामयिक निधन पर कूटा यानी कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ एवं एलुमनी सेल के अध्यक्ष डॉ. बीएस कालाकोटी, उपाध्यक्ष डॉ. एसएस सामंत, महासचिव व कूटा अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी, डॉ. दीपिका गोस्वामी, प्रो. अनिल बिष्ट आदि ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है।

# उत्तराखंड में अडाणी समूह के निवेश पर कांग्रेस ने उठाये सवाल



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी एवं प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल सिंह बिष्ट ने मंगलवार को कहा कि कृषि मंत्री से अडाणी समूह द्वारा उत्तराखंड में 500 करोड़ का निवेश किए जाने पर स्पष्टीकरण मांगा जाए।
दसौनी ने कहा कि अडाणी समूह उत्तराखंड के कृषि क्षेत्र में कृषि उपज को खरीदने के लिए 500 करोड़ रुपये का निवेश करेगा लेकिन हरियाणा, पंजाब के किसान हों या देश के अन्य हिस्सों के किसान, वे लगातार अडाणी और अंबानी समूह का मुखर विरोध कर रहे हैं। अडाणी समूह मनमाने तरीके से किसानों की फसल खरीदने का और फिर मनमाने दामों पर उसको बाजार में बेचने का काम करता है। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि सुनियोजित षड्यंत्र के तहत पूरी कृषि उपज मनमाने तरीके से उद्योगपति मित्रों के हाथों में सौंपने की पूरी तैयारी की जा रही है ।

**आशंका**

**षड्यंत्र के तहत उपज मनमाने तरीके से उद्योगपति मित्रों के हाथों में सौंपने की तैयारी की जा रही है**

प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि यह कार्य उत्तराखंड के किसानों को सरकार द्वारा प्रोत्साहन देकर क्यों नहीं दिया जा सकता? आखिर ऐसा क्या है कि इसके लिए भी उनको अडाणी समूह में ही संभावनाएं नजर आ रही हैं। इसकी क्या गारंटी है कि आने वाले समय में उत्तराखंड की पूरी कृषि उपज और फलों की उपज मनमाने तरीके से अडाणी समूह के हाथ में नहीं चली जाएगी।

# जन प्रतिनिधियों ने प्रभारी मंत्री रेखा आर्या को दिया ज्ञापन

**स्वागत**

**रेखा आर्या के लोहाघाट पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।**



**लोहाघाट (चम्पावत)/टीम एक्शन इंडिया** बाल विकास एंव खेल मंत्री रेखा आर्या के लोहाघाट पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न समस्याओं को लेकर उन्हें ज्ञापन भी दिया।
मंगलवार को कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या स्वामी विवेकानंद अद्वैत आश्रम मायावती आयीं। उन्होंने कहा कि अद्वैत आश्रम ध्यान और योग के लिए बहुत सुंदर स्थान है। इसका प्रचार प्रसार और बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मायावती आश्रम के साथ कोलीढेक झील भी आकर्षण का केन्द्र बन गया है।
इस दौरान कैबिनेट मंत्री को भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सचिन जोशी ने छमनियां स्टेडियम में रुके हुए कार्य को पूरा करने और प्रेम नगर से पॉलीटेक्निक सातखाल मार्ग बनाने की मांग की।
इधर, भाजयुमो के जिला महामंत्री व झूमाधुरी मंदिर समिति के सक्रिय सदस्य गंगा सिंह पाटनी ने झूमाधुरी मंदिर मेला स्थल पर सुरक्षा दीवार, चाहरदिवारी बनाने के लिए जिला योजना में रखने की मांग की।
कैबिनेट मंत्री ने जल्द छमनियां स्टेडियम में रुके कार्य और बालिका स्पोर्ट्स कॉलेज निर्माण कार्य जल्द शुरू करने का आश्वासन दिया।
इस मौके पर बाराकोट ब्लाक प्रमुख विनीता फर्त्याल, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सचिन जोशी, अर्जुन माहरा, लोहित खोलिया, सोनू चौबे, नीरज माहरा, सूरज कुमार और राजू नरियाल आदि मौजूद रहे।

# जनता मिलन कार्यक्रम में 26 शिकायतें दर्ज, 12 का निस्तारण

**जनता मिलन**

**जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सभागार में जनता मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

**गुप्तकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन के सभागार में जनता मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 26 शिकायतें दर्ज की गई। जिसमें पेयजल, सड़क विद्युत, शिक्षा आदि समस्याएं शामिल थीं। इनमें से 12 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया जबकि शेष शिकायतों का निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।
जनता मिलन कार्यक्रम में ग्राम प्रधान कमसाल ममता देवी ने गांव में बीते 3 वर्ष से ट्रांसफार्मर जलने से विद्युत आपूर्ति न होने की शिकायत दर्ज कराई। बरसिर प्रधान कविता देवी ने बरसिर से डेढ़ किमी गांव को सड़क से जोड़े जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया।
भीरी गांव के विजयराम लाल ने आवंटित की गई भूमि पर आवास बनने के बाद भी अभी तक भूमि उनके नाम पर दर्ज न होने की शिकायत की। लस्या की सरिता देवी ने अतिवृष्टि से अपना आवास क्षतिग्रस्त होने मुआवजा दिलाने और प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने की मांग की। बणखिल निवासी यशवंत सिंह ने गडोरा से जा रही पाइप लाइन से बणखिल निवासियों को भी लाभान्वित करने के संबंध में प्रार्थना-पत्र दिया। नगरासू की रेखा देवी ने रेलवे कीअधिग्रहित भूमि का उचित प्रतिकर न दिए जाने की शिकायत दर्ज कराई।
जिलाधिकारी गहरवार ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि जनता मिलन कार्यक्रम में जो भी शिकायतें व समस्याएं दर्ज हो रही हैं, उनका निराकरण त्वरित गति से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कई समस्याओं पर स्थलीय निरीक्षण कर अधिकतर समस्याओं के संबंध में दो एवं तीन दिन के भीतर कार्यवाही करते हुए की गई कार्यवाही से जानकारी जिला कार्यालय एवं संबंधित शिकायतकर्ता को अनिवार्य रूप से अवगत कराना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार से कोई ढिलाई न बरती जाए।
इस मौके पर सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एल-1 एवं एल-2 के स्तर पर जो भी शिकायतें लंबित हैं, उनका निस्तारण तत्परता से करना सुनिश्चित करें।
उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों में एल-1 पर 185 तथा एल-2 पर 63 शिकायतें निस्तारण के लिए लंबित हैं। जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण भी शीघ्रता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
इसमें किसी भी प्रकार की कोई ढिलाई न बरती जाए।
जनता मिलन कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, परियोजना निदेशक विमल कुमार, उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल कुमार शुक्ला, जखोली भगत सिंह फोनिया, पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल सहित तमाम अधिकारी, कर्मचारी एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीण मौजूद रहे।

# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राजधानी देहरादून को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। इस दिशा में कदम आगे बढ़ाते हुए एक बार फिर में मलिन बस्तियों अतिक्रमण करने वालों के ऊपर कार्रवाई शुरू हो गयी है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप से बस्तियों का विस्तार कर सैकड़ों नए भवन बनाए गए हैं। वर्ष-2016 के बाद किए गए निर्माण नियमानुसार अवैध करार दिए गए हैं। इन्हीं मकानों को नगर निगम एमडीडीए प्रशासन और जिला प्रशासन की संयुक्त कार्यवाही में तोड़ा जा रहा है।
पिछले दिनों भी शहर में इसी तरह की कार्यवाही की गई थी। राजपुर क्षेत्र के काठबंगला क्षेत्र में प्रशासन ने अतिक्रमण तोड़ने की कार्यवाही शुरू की थी, जिसका स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध किया है।
कांग्रेस वरिष्ठ नेता गोदावरी थपली ने कहा कि सरकार ने 2016 के बाद का आधार लिया है वह ठीक नहीं है। बहुत से ऐसे लोग हैं जो अपने घरों में बिजली पानी का कनेक्शन नहीं लगा पाए उनके घरों के लिए अन्य प्रमाण पत्र के आधार पर छूट दी जानी चाहिए। प्रशासन ने इन क्षेत्रों में सर्वे के लिए 2016 से पहले बिजली पानी के कनेक्शन और अन्य सरकारी सुविधाओं को आधार बनाया है और इसी को देखते हुए इन सभी निर्माण को अवैध करार देकर उनको तोड़ा जा रहा है।

# संपादकीय

## स्वस्थ भारत' में बदलेंगे आयुर्वेद और योग

**आयुष** उन चिकित्सा प्रणालियों का संक्षिप्त रूप है जिनका भारत में अभ्यास किया जा रहा है, जैसे आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी। स्वास्थ्य, रोग और उपचार पर इन सभी प्रणालियों का मूल दृष्टिकोण समग्र है। आयुष, स्वास्थ्य सेवाओं की बहुलवादी और एकीकृत योजना का प्रतिनिधित्व करता है। आयुष अपने नागरिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल और चिकित्सा देखभाल प्रदान करके 'न्यू इंडिया' के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। 'न्यू इंडिया' को 'स्वस्थ भारत' भी होना चाहिए, जहां उसकी अपनी पारंपरिक प्रणालियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन जामनगर (गुजरात) दुनिया भर में पारंपरिक चिकित्सा के लिए पहला और एकमात्र वैश्विक चौकी केंद्र होगा।

आयुर्वेद और योग ने प्राचीन भारतीय विज्ञान के रूप में 5000 साल पहले अपनी यात्रा शुरू की थी। जबकि सिद्ध दक्षिण भारत में लोकप्रिय दवाओं की प्राचीन प्रणालियों में से एक है, यूनानी, चिकित्सा की पारंपरिक प्रणाली की उत्पत्ति प्राचीन ग्रीस में हुई है। होम्योपैथी का विकास 1800 के दशक की शुरूआत में जर्मन चिकित्सक सैमुअल हैनिमैन ने किया था। इन प्रणालियों ने वर्षों से लोगों के निरंतर संरक्षण का आनंद लिया है। आयुर्वेद सहित भारत की अधिकांश पारंपरिक प्रणालियों की जड़ें लोक चिकित्सा में हैं। आयुर्वेद पर कुछ महत्वपूर्ण ग्रंथ जैसे कि सारंगधारा संहिता और वांगा सेन द्वारा चिकित्सा संग्रह, यागरात बाजार और भवमिस्र के भावप्रकाश को संकलित किया गया था। योग अनिवार्य रूप से आध्यात्मिक है और यह स्वस्थ जीवन जीने की एक कला और विज्ञान है जो शरीर और मन के बीच सामंजस्य लाने पर केंद्रित है। चिकित्सा की यूनानी प्रणाली की उत्पत्ति ग्रीस में हुई, फिर मध्यकालीन भारत में मिस्र, अरब, ईरान, चीन, सीरिया और भारत जैसी प्राचीन सभ्यताओं के पारंपरिक ज्ञान का विलय हुआ। यह स्वाभाविक रूप से होने वाली ज्यादातर हर्बल दवाओं और जानवरों, समुद्री और खनिज मूल की कुछ दवाओं के उपयोग पर जोर देती है। दारा शिकोह को समर्पित नूरुद्दीन मुहम्मद की मुसलजती-दशीकोही, ग्रीक चिकित्सा से संबंधित है और अंत में, लगभग संपूर्ण आयुर्वेदिक सामग्री औषधि है। सिद्धा भारत में चिकित्सा की प्राचीन प्रणालियों में से एक है जिसका द्रविड़ संस्कृति के साथ घनिष्ठ संबंध है। सिद्ध शब्द का अर्थ है उपलब्धियां और सिद्ध वे हैं जिन्होंने चिकित्सा में पूर्णता प्राप्त की है। कहा जाता है कि 18 सिद्धारों ने योगदान दिया है। सोवा रिग्पा या आमची हिमालयी क्षेत्र में लोकप्रिय चिकित्सा की सबसे पुरानी जीवित प्रणालियों में से एक है। इसे 2009 में जोड़ा गया था। यह हिमालयी क्षेत्रों में विशेष रूप से लेह और लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, दार्जिलिंग आदि में प्रचलित है। यह अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, गठिया आदि जैसी पुरानी बीमारियों के प्रबंधन में प्रभावी है। समकालीन समय में भारतीय चिकित्सा पद्धति विभाग नामक एक विभाग मार्च 1995 में बनाया गया था और नवंबर 2003 में आयुष का नाम बदलकर इन प्रणालियों के विकास पर अधिक ध्यान देने पर ध्यान दिया गया था। 2014 में, भारत की केंद्र सरकार के तहत एक अलग मंत्रालय बनाया गया था, जिसके प्रमुख राज्यमंत्री होते हैं।

# पेपर लीक के बढ़ते मामले चिंता का विषय

राजेश माहेश्वरी

> “विशेष समिति का काम नौकरशाही किस्म का नहीं होना चाहिए, क्योंकि उससे व्यवस्था को छिद्रों से मुक्त नहीं किया जा सकेगा। पेपर लीक होने पर कठिन परिश्रम करने वाले विद्यार्थी नियुक्ति से दूर रह जाते हैं। दूसरी तरफ नकल प्रवृति के कारण अयोग्य विद्यार्थी नियुक्ति पा जाते हैं। ऐसे में परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। पेपर लीक पर सरकार को सख्ती से कदम उठाने होंगे तभी परीक्षाओं की विश्वसनीयता बन पाएगी। जानकारों के मुताबिक परीक्षाओं में विश्वसनीयता बनाने के लिए पारदर्शी और मजबूत सुरक्षा प्रणाली बनाने की जरूरत है। एक ही एजेंसी से बार बार परीक्षा नहीं करवानी चाहिए। इसके लिए नियम बनाए जाने चाहिए। दरअसल, देश के विभिन्न राज्य भी इस परीक्षा प्रणाली को लेकर सवाल उठाते रहे हैं”

**बीते** कुछ महीनों में देश में विभिन्न प्रतियोगी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने और संदेह के घेरे में आने के मामले लगातार उजागर होते रहे हैं। निश्चित रूप से सुनहरे भविष्य की आस में रात-दिन एक करने वाले प्रतिभागियों के सपने चकनाचूर होने के समान तो है ही। वहीं इस तरह के मामलों से प्रतिभागियों का विश्वास व्यवस्था से उठ जाता है। मेडिकल परीक्षा की पुरानी प्रक्रिया में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने के लिये लाई गई नई व्यवस्था भी अब सवालों के घेरे में है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और नीट के तहत परीक्षाओं की जो पवित्रता भंग की गई है, लाखों युवाओं के करियर और भविष्य अधर में लटके हैं, जिससे युवाओं और अभिभावकों में नाराजगी का माहौल है। नीट पेपर लीक मामले कीं पृष्ठभूमि में परीक्षा-माफिया सक्रिय है। सिर्फ पेपरलीक और सॉल्वर गैंग की ही साजिशें नहीं हैं, बल्कि बड़ी मछलियां भी हैं। परीक्षाएं आयोजित करने वाली संस्थाओं से जुड़े लूप होल्स के कारण ही परीक्षाओं पर सवालिया निशान लगते रहते हैं। जैसे एक मछली सारे तालाब को गंदा करती है वही कहावत यहां पर चरितार्थ होती है। धनबल से पेपर, परीक्षा केंद्र, पेपरसेटर आदि खरीदे जा सकते हैं। धनबल के इस खेल में सबसे ज्यादा नुकसान उन बच्चों का होता है जो ईमानदारी एवं एकाग्रतापूर्वक अपनी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। सरकार ने राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए की स्थापना की थी। संसद के कानून से बनी इस स्वायत्त संस्था के जिम्मे राष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा के संस्थानों मसलन इंजीनियरिंग कॉलेजों, मेडिकल कॉलेजों, केंद्रीय विश्वविद्यालयों के लिए दाखिला परीक्षा आयोजित करना और उनके नतीजे देना है। इस संस्था को जिम्मेदारी दी गई कि वह पूरी पारदर्शिता के साथ अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के लिहाज से परीक्षाएं आयोजित करेगी। लेकिन नीट परीक्षा के नतीजों पर उठे सवालों ने इस संस्था और उसके कार्यों को संदेह के दायरे में ला दिया है। विवाद होने के बाद कुछ बच्चों और उनके अभिभावकों ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर करके नीट की परीक्षा फिर से कराने और दाखिले के लिए काउंसलिंग कराने पर रोक लगाने की मांग की। नीट की डॉक्टरी प्रवेश परीक्षा की




धांधलियां सामने आ रही हैं। सवाल है कि जो माता-पिता अपने बच्चे की परीक्षा पास कराने के लिए 40 लाख रुपए प्रश्न-पत्र के लिए खर्च कर सकते हैं, क्या वे देश में ह्यमुन्ना भाई एमबीबीएसह्ल पैदा करना चाहते हैं? यह घोर दंडनीय अपराध है। नीट प्रकरण के अलावा, यूजीसी नेट, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और नीट-पीजी परीक्षाएं भी रद्द या स्थगित की गई हैं। इस तरह 37 लाख से अधिक युवाओं के भविष्य घोर अनिश्चित हो गए हैं। यह कोई सामान्य बात नहीं है। आखिर वे युवा कब तक परीक्षाएं देते रहेंगे? छात्रों के सामने उम्र निकल जाने का खतरा भी है। इन बर्बादियों का सवाल और आरोप एनटीए पर ही क्यों है? यह केंद्र सरकार को भी सोचना चाहिए और एनटीए को खंगालना चाहिए। एनटीए की प्रक्रिया, परीक्षा-प्रणाली, आउटसोर्स की मजबूरी, विशेषज्ञता के अभाव और मूल में भ्रष्टाचार आदि ऐसे बुनियादी कारण हैं कि इस संस्थान को ही समाप्त करने की मांगें की जा रही हैं।

युवाओं के विरोध-प्रदर्शन इतने उग्र और व्यापक हो गए हैं कि एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को हटा कर एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी प्रदीप सिंह खरोला को इस पद का दायित्व सौंपना पड़ा है। परीक्षा-प्रणाली और उसके ईमानदार, पेशेवर तंत्र को आईएएस लॉबी के हवाले करना कोई सार्थक समाधान नहीं है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक विशेष समिति का गठन किया है। बेशक उसमें महा विशेषज्ञ किस्म के महाबौद्धिक चेहरे शामिल हैं, लेकिन वे एनटीए की तकनीक, परीक्षा-प्रविधि और अंतर्विरोधों के समाधान नहीं दे सकते। यह उनकी विशेषज्ञता से बिल्कुल अलग क्षेत्र है। समिति को दो माह का समय दिया गया है। सर्वोच्च अदालत में भी एनटीए, नीट परीक्षा के मामले विचाराधीन हैं, जिनकी सुनवाई 8 जुलाई को है। एनटीए के अस्तित्व और आंतरिक सुधारों के अलावा, कई और सवाल पैदा हो गए हैं। निश्चित तौर पर यह मोदी सरकार के लिए गंभीर चुनौती है। यह राजनीतिक विवाद भी बन गया है और प्रतिपक्षी नेता शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा मांग रहे हैं।

बहरहाल विशेष समिति का काम नौकरशाही किस्म का नहीं होना चाहिए, क्योंकि उससे व्यवस्था को छिद्रों से मुक्त नहीं किया जा सकेगा। पेपर लीक होने पर कठिन परिश्रम करने वाले विद्यार्थी नियुक्ति से दूर रह जाते हैं। दूसरी तरफ नकल प्रवृत्ति के कारण अयोग्य विद्यार्थी नियुक्ति पा जाते हैं। ऐसे में परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। पेपर लीक पर सरकार को सख्ती से कदम उठाने होंगे तभी परीक्षाओं की विश्वसनीयता बन पाएगी। जानकारों के मुताबिक परीक्षाओं में विश्वसनीयता बनाने के लिए पारदर्शी और मजबूत सुरक्षा प्रणाली बनाने की जरूरत है। एक ही एजेंसी से बार बार परीक्षा नहीं करवानी चाहिए। इसके लिए नियम बनाए जाने चाहिए। दरअसल, देश के विभिन्न राज्य भी इस परीक्षा प्रणाली को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। खासकर कोचिंग सेंटरों के खेल व अंग्रेजी के वर्चस्व के चलते आरोप लगाये जाते हैं। आरोप हैं कि इस परीक्षा में हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं में परीक्षा देने वाले छात्रों को न्याय नहीं मिलता। तमिलनाडु समेत दक्षिण भारत के कई राज्य आरोप लगाते रहे हैं कि राज्य की भाषा के छात्रों को नई परीक्षा प्रणाली से नुकसान उठाना पड़ रहा है। सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज कर पेपर लीक और उनके पीछे के नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है। कुछ गिरफ्तारियां भी की गई हैं। सीबीआई जांच का निष्कर्ष क्या होगा और कब आएगा, वह भी अनिश्चित है। केंद्र सरकार ने एक कानून भी लागू किया है। बेहद गंभीर सवाल है कि अनिश्चितताओं के इस दौर में युवा छात्रों का क्या होगा? नीट के अभ्यर्थी भी विभाजित हैं। क्या सफल युवाओं को उनके मेडिकल कॉलेज आवंटित किए जाएंगे या नीट परीक्षा का परिणाम ही रद्द कर दिया जाएगा और परीक्षा दोबारा होगी? यदि समिति और अदालत के अलग-अलग निर्णय सामने आते हैं, तो फिर युवा अभ्यर्थी क्या करेंगे? जो परीक्षा में सफल रहे हैं, क्या वे डॉक्टरी की पढ़ाई शुरू नहीं कर सकेंगे, यह बहुत अहम सवाल है। परीक्षाओं की पवित्रता का निर्वहन करने की बजाय समस्त परीक्षा एजेंसियां धन लोलुपता की शिकार हो चुकी हैं। बार-बार परीक्षाएं स्थगित या रद्द हो रही हैं। विद्यार्थियों के साथ अन्याय हो रहा है। कई कोचिंग क्लासेस केंद्र दलाल बन गए हैं। पेपर लीक से लेकर ग्रेस अंक और असामान्य अंक देना किसी भी परीक्षा संस्था के विरूद्ध सवालों की लड़ियां तो अवश्य खड़ा करेगा। केंद्र सरकार ने नकल विरोधी कानून पिछले दिनों लागू कर दिया है।

इसके प्रावधावों को और कड़ा बनाया जाना चाहिए। निश्चित रूप से जहां नीट परीक्षा के पेपर लीक व ग्रेस मार्क्स में अनियमितताओं को लेकर उठे सवालों के समाधान तलाशने की जरूरत है, वहीं हिंदी व अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के परीक्षार्थियों के साथ न्याय होना भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। परीक्षा के वर्तमान स्वरूप में व्यापक स्तर पर सुधार और साफ-सफाई करनी पड़ेगी, क्योंकि लाखों युवा भारतीयों का भविष्य दांव पर है। बहरहाल, यह मामला जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया गया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि गुनाहगार पकड़े जाएंगे और प्रतिभागियों को भी न्याय मिलेगा।

**-लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।**

# कविता

स्त्रियां
हर रोज सूरज की नवीन रश्मियों संग
वे फिर से
अपने पंख फैलातीं हैं
रगो में साहस का लहू भरतीं हैं
बिखेरतीं हैं चमकीले रंग
वे
हर समय नहीं मुस्कुरातीं
दिन-रात नहीं खिलतीं
लज्जा से अभिभूत, छुईमुई सी
छल-छद्मों से भरी विषम परिस्थितियों में घिरी स्त्रियां
साहस से उठ खड़ी होती हैं ?ोज
भले ही
गुड़हल के फूलों की तरह
वे
थकतीं भी हैं और नींद में ऊँघती भी हैं
वे गुड़हल के फूलों सदृश फीकापन भी महसूस
करतीं हैं
तो उनका चटकीलापन भी
ऊँघना, थकना, मंद पड़ना
मौन होना
और
फिर से भुजाओं में नवीन ऊर्जा भर खड़ा होना
जीत का शंखनाद करना
यकायक चल पड़ना, मजबूती से जीवन-आंधियों से
मुलाकात करना
कभी हंसना
तो कभी जीवन की कड़ी धूप को सहना,
यही तो है
स्त्री जीवन की असली कहानी !

सुनील कुमार

## पहाड़, अब सौंदर्य नहीं विनाश के प्रतीक

तनवीर जाफरी

गर्मियों से परेशान होकर प्रायः लोग पहाड़ों का रुख करते हैं। पहाड़ों पर जहां कम तापमान के चलते पर्यटकों को गर्मी से निजात मिलती है तथा शरीर व मस्तिष्क को सुकून मिलता है वहीँ हमेशा से ही पहाड़ों का प्राकृतिक सौन्दर्य,ऊँची ऊँची गगन चुम्बी चोटियां,हिमाच्छादित पर्वत श्रृंखलाएं,ग्लेशियर्स,पहाड़ों के लगभग हर मोड़ पर बहने वाले झरने,हरे भरे जंगल, ऑक्सीजन से परिपूर्ण ताजी आब-ो-हवा,गर्मी में भी सर्दी का एहसास दिलाने वाला वातावरण भी पर्यटकों को आकर्षित करता रहा है। परन्तु अब पहाड़ों की हक़ीकत बदलने लगी है। हिमाचल प्रदेश की शिमला जैसी प्राकृतक सौंदर्यों से भरपूर ठंडी व खूबसूरत राजधानी भी अब जनसँख्या,पर्यटकों व वाहनों के बढ़ते बोझ के कारण गर्मी का एहसास दिलाने लगी है। पिछले दिनों भीषण गर्मी से निजात पाने के लिये पर्वतीय सीमा क्षेत्र सांगला की लगभग 400 किलोमीटर की यात्रा की। इस यात्रा के दौरान पहाड़ों की जो स्थिति देखी वह अत्यंत दुखदायी थी। ग्लोबल वार्मिंग के कारण हिमाच्छादित पर्वत श्रृंखलाएं अब हिम रहित हो चुकी हैं। जिन पर्वत श्रृंखलाओं पर करोड़ों वर्षों से बर्फ की मोटी चादर ढकी हुई थी वे अब अपना हिमावरण उतार चुकी हैं और पत्थरों के पहाड़ साफ नजर आ रहे हैं। हिम रहित पर्वत श्रृंखलाओं के चलते ग्लेशियर भी लगभग समाप्त हो गए हैं। इसकी वजह से हिमाचल प्रदेश में लगभग पूरे वर्ष कल कल कर बहने वाले शीतल जल के झरने अब सूख चुके हैं। लगभग चार दशकों से पर्वतीय अंचलों की यात्रा के दौरान विभिन्न पर्वतीय राज्यों में मैं ने देखा है कि जिस जगह झरने /चश्मे प्रवाहित होते थे वहां पर्यटकों की अच्छी खासी भीड़ जमा हो जाती थी। कोई नहाता था कोई अपनी गाड़ियां धोता था ,कोई शीतल जल पीकर सुकून हासिल करता था। लोग फोटो खींच कर अपनी पर्वतीय यात्रा के यादगार लम्हों को कैमरों में कैद कटे थे। कुछ स्थानीय लोग मक्के की छल्लियाँ या ऋतु के अनुसार कोई स्थानीय फल आदि बेचकर अपना जीविकोपार्जन किया करते थे। परन्तु अब तो यह बातें गोया कहानी किस्से बन चुकी हैं। पहाड़ शुष्क हो रहे हैं। पहाड़ों पर गर्मी बढ़ती जा रही है। शुष्क पर्वतों में भूस्खलन तेजी से हो रहा है। उस पर सोने पर सुहागा यह कि विकास के नाम पर सड़कों का चौड़ीकरण करने के लिये पर्वतों को काटा जा रहा है जिससे करोड़ों पेड़ धराशायी हो रहे हैं। पहाड़ों पर तेज धार से बहने वाली सतलुज,बसपा व स्पीति जैसी अनेक नदियां अब गोया नदी के बजाये नालों की शक्ल ले चुकी हैं।

विद्युत उत्पादन के चलते जगह जगह इन नदियों की धार को रोककर जल विद्युत उत्पादन संयंत्र भी लगाए गए हैं। उधर पर्यटकों की संख्या भी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इसकी वजह से वाहनों का तांता लगा रहता है। पर्वतीय क्षेत्रों में प्रदूषण बढ़ने का यह भी एक अहम कारण है।

# विचार

## भाजपा को उत्तर प्रदेश में पराजय के बोध से उबरना ही होगा

मृत्युंजय दीक्षित

**उत्तर प्रदेश** की जनता ने 2024 लोकसभा चुनावों में हैरान करने वाले चुनाव परिणाम दिये हैं । भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में 80 में से 80 लोकसभा सीटें जीतने का नारा दिया था किंतु भाजपा गठबंधन मात्र 37 सीटों पर ही सिमटकर रह गया। भाजपा अयोध्या वाले संसदीय क्षेत्र फैजाबाद तक से हार गई जहाँ प्रभु श्रीराम दिव्य भव्य एव नव्य राम मंदिर में प्रवेश कर चुके हैं तथा विविध प्रकार के विकास कार्य चल रहे हैं । ये हार हर किसी कोआश्चर्य में डाल रही है । आज भी हर तरफ यही चर्चा हो रही है कि अरे भाजपा फैजाबाद में कैसे हार गई ?आखिर क्यों, फिर यह चर्चा लंबी खिंच जाती है और भाजपा समर्थकों व शुभचिंतकों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंचने लगती हैं किअब होगा क्या ? भाजपा का हर शुभचिंतक अपने अपने स्तर पर गहन समीक्षा कर रहा है किंतु क्या बीजेपी आलाकमान व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जनमानस की चिंताओं के साथ खड़े हैं या नहीं। महिलाएं भी अयोध्या पराजय पर चर्चा कर रही हैं कि फ्री राशन, घर, शौचालय, दवाई व राम मंदिर के बाद भी भाजपा क्यों पराजित हो गई? प्रदेश में भाजपा की पराजय के जो मुख्य बिंदु निकलकर सामने आ रहे हैं उसमें प्रत्याशियों का गलत चयन, राजग गठबंधन के नेताओं की गलत बयानबाजी, क्षत्रियों व राजपूतों की नाराजगी को हलके में ले लेना तथा मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में वोट जिहाद का हो जाना आदि तो था ही मीडिया की मानें तो संघ व भाजपा के बीच आतंरिक टकराव भी एक कारण रहा । वर्तमान समय में जब नरेंद्र मोदी सरकार के नेतृत्व में ऐसे ऐसे अदभुत कार्य हो रहे हैं जिनका प्रभाव हजार साल तक रहने वाला है उस समय संघ नेतृत्व ने इतनी बड़ी गलती क्यों कर दी? क्या वो सच ही मोदी जी का अहंकार तोड़ना चाहते थे या अपने ही पैरों में कुल्हाड़ी मार रहे थे ? क्या स्वयं को मातृ संस्था कहने वालों को भी आत्मसंयम का परिचय नहीं देना चाहिए था? ये कठिन प्रश्न मीडिया और सोशल मीडिया में जंगल की आग की तरह फैल चुके हैं। इसे पूरे दावानल में आम सनातनी ठगा सा खड़ा है। प्रदेश में भाजपा की पराजय के साइड इफैक्ट हर तरफ दिखने लगे हैं। जिन जिलों में इंडी गठबंधन के सांसद बने हैं उन जिलों में आपराधिक गतिविधियों में जबरदस्त तेजी आई है। सीतापुर जिले में नए बने कांग्रेस सांसद ने थाने में धरना देकर एक नाबालिग अपराधी को थाने से ही छुड़ा लिया। इकरा हसन के समर्थकों ने हिन्दुओं पर हमला बोला और सोनभद्र में एक हिन्दू परिवार घर छोड़ने को विवश है, ऐसी ही अनेक घटनाएं प्रकाश में आ रही हैं। लोकसभा चुनाव समाप्त हो जाने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों का भाजपा कार्यकताओं के साथ दुर्व्यव्हार बढ़ता जा रहा है।राजधानी लखनऊ में वाहन जांच के नाम पर भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी के साथ अभद्रता की गई यद्यपि घटना के बाद ट्रैफिक दारोगा आशुतोष त्रिपाठी को निलंबित कर दिया गया है। राकेश त्रिपाठी का कहना है कि पुलिस भाजपा का झंडा लगा देखकर वाहन को रोक रही है जब लखनऊ में भाजपा प्रवक्ता के साथ इस प्रकार की घटना घटित हो रही है तब प्रदेश के दूसरे जिलों में क्या हाल हो रहा होगा। प्रदेश का पुलिस प्रशासन अभी भी लापरवाही तथा भ्रष्टाचार में संलिप्त है तथा महिला थाने तक में पीड़ितों से रिश्वत मांगी जा रही है। हालाँकि अकबरनगर का अतिक्रमण हटाकर सरकार ने सख्त प्रशासन की अपनी छवि बचाने का प्रयास किया है ।

मीडिया की मानें तो राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ ने उप्र के अवध क्षेत्र की सीटों पर जीतने का जोर नहीं लगाया, अगर यहाँ पर ताकत लगा दी जाती तो भाजपा की कम से कम आठ सीटें तो और बढ़ ही जातीं किंतु मेड़ ही खेत से मुँह मोड़ चुकी हो तो क्या ही कहा जाए। आम सनातनी योगी मोदी की कम सीटों से दुखी है और समाचारों में देखता है कि ये संघ के असहयोग के कारण हुआ है तो उसका मन व्यथित होता है और संघ पर दशकों से किया गया विश्वास डगमगा जाता है । अहंकार किसी का भी हो लेकिन केवल योगी या मोदी नहीं, संघ भी हारा है और अस्तित्व की लड़ाई से जूझ रहा हिन्दू भी।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, दैनिक एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत (9837313943)**
**actionindiaddn@gmail.com**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## ये बाजपेयी के नहीं मोदी के नेतृत्व की सरकार है

राकेश अचल

**अठारहवीं** लोकसभा में यद्यपि सरकार को पहले ही दिन विपक्ष के तेवरों का सामना करना पड़ा है ,लेकिन विपक्ष को भी याद रखना चाहिए कि 2024 में भाजपा के नेतृत्व में तीसरी बार गठबंधन की सरकार बनी है और इसकी अगुवाई प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी कर रहे हैं । ये सरकार अटलबिहारी बाजपेयी की सरकार नहीं है जिसे आसानी से अपदस्थ किया जा सके। नरेंद्र दामोदर दास मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार बनी गठबंधन की सरकार में हालाँकि भाजपा की ताकत 2014 और 2019 जैसी नहीं है ,लेकिन भाजपा की हैसियत अभी भी मरे हुए हाथी जितनी तो है ही ,यानि कम से कम सवा लाख की।

इसलिए विपक्ष ये सपने देखना छोड़ दे कि इस सरकार को फूंक मार कर उड़ाया या गिराया जा सकता है। वैसे भी 2024 में देश की जनता ने भाजपा और विपक्ष को स्पष्ट जनादेश नहीं दिया है । भाजपा की ताकत कम कर उसे बैशाखनंदन बना दिया है वही विपक्ष को ताकत देकर ये संकेत दिया है कि यदि उन्हें सत्ता तक पहुंचना है तो एकता बनाये रखते हुए अगले चुनाव तक काम करना पड़ेगा ,हुलफुलाहट में विपक्ष यदि कोई कदम उठता है तो वो देश के लिए भारी पड़ सकता है। नयी संसद के पहले ही दिन विपक्ष ने संविधान की प्रतियां लेकर जो जुलूस निकला उससे नयी सरकार भयभीत कदाचित नहीं हुई है। प्रधानमंत्री ने संसद में प्रवेश से पहले जिस तरीके से आपातकाल का पुण्य स्मरण किया है उससे जाहिर है कि न उनके सिर से कांग्रेस का भूत अभी उतरा है और न उनका देश को कांग्रेस विहीन करने का लक्ष्य ही बदला है। मोदी जी लंगड़ी-लूली सरकार के जरिये भी अपने पुराने लक्ष्य को हासिल करने के लिए वो सब करेंगे जो उन्होंने अपनी पिछली सरकारों में किया था।

विपक्ष लाख संविधान की प्रतियां लहराए वो नयी सरकार के बढ़ते हुए कदमों को शायद नहीं रोक पायेगा। विपक्ष की ताकत का अंदाजा लोकसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में ही हो जाएगा। नए जनादेश में सब कुछ स्पष्ट है। विपक्ष को विपक्ष की भूमिका में तब तक रहना है जब तक कि नए आम चुनाव नहीं हो जाते । कायदे से चुनाव पांच साल बाद होना चाहिए लेकिन मौजूदा सूरतेहाल में ये चुनाव कभी भी हो सकते हैं।

## क्या चल रहा है

डॉ. सुरेश कुमार

**कल हमने कि**सी से पूछ लिया झ भई! और आजकल क्या चल रहा है? भाई साहब ऐसे जवाब देने लगे कि मानो मेरे इसी सवाल के लिए कई दिनों से टकटकी लगाए बैठे थे। उन्होंने कहा झ आजकल खुद्दम खुदाई का खेला चल रहा है। जो पसंद न आए उनका नाम बदला जा रहा है। अपनों को छोड़ गैरों पर बुल्डोजर चल रहा है। अस्पतालों में तू मर-मैं आया का खेला चल रहा है। शराब की दुकानों से सुख और अस्पतालों से दुख खरीदने का धंधा चल रहा है। पुलिस से कम समाचार चैनलों से ज्यादा डराने का खिलवाड़ चल रहा है। चेहरे पर गाय और भीतर से भेडिए का ब्रेकडांस चल रहा है। नौकरी के नाम पर पकौड़ों और चाय का धंधा चल रहा है। कहीं गलाफाड़ने तो कहीं छाती पीटने का संगीत चल रहा है। पेड़ों को काटकर सिलेंडर में हवा भरने का तमाशा चल रहा है। लोगों को कम आंकड़ों को ज्यादा गिनने का तमाशा चल रहा है। कुंभ में डुबकी लगाकर पाप धोने का कहकहा चल रहा है। ऑफलाइन की दुनिया में ऑनलाइन का धमाका चल रहा है। बच्चों पर स्मार्ट होने के नाम पर किताबों से दूर करने वाले ऑनलाइन गेमों का जादू चल रहा है। विपक्ष सरकार के बाल तो सरकार विपक्ष की खाल नोचने की चाल चल रहा है। महंगाई के चलते भुखमरों, बेरोजगारों का शहर छोड़ने तो अमीरों का नए-नए व्यंजन बनाकर यूट्यूब पर लाइक्स के लिए गिड़गिड़ाने का नाटक चल रहा है। कुल मिलाकर देश कछुए की चाल चल रहा है। भई मुझे माफ करो! मुझे बख्श दो! लगता है मेरा समय खराब चल रहा है। इतना कहते हुए मैं वहाँ से नौ-दो ग्यारह हो गया।

## न्यूज फ्लैश

### जिला कष्ट निवारण एवं डीडीएमसी की बैठक आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला लोक सम्पर्क** एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 26 जून को दोपहर बाद 3 बजकर 30 मिनट पर पंचायत भवन में होगी। इस बैठक में हरियाणा के स्थानीय शहरी निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे। उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी 26 जून को दोपहर बाद पंचायत भवन के सभागार में होने वाली जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में समय पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। इस बैठक के बाद राज्यमंत्री सुभाष सुधा जिला परिषद पंचायत भवन के कांफ्रेंस हॉल में जिला विकास एवं निगरानी कमेटी (डीडीएमसी) की बैठक लेंगे। इस बैठक में डी प्लान स्कीम के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में शहर में होने वाले विकास कार्यो पर चर्चा की जाएगी और बजट की स्वीकृति दी जाएगी। इस बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।

### महावीर अवार्ड के तहत विजेताओं को मिलेगा 10 हजार का नकद पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भगवान महावीर** फाउंडेशन द्वारा चार क्षेत्रों में महावीर पुरस्कार दिया जाएगा। इस पुरस्कार के तहत विजेता को 10 हजार पुरस्कार नकद राशि और प्रशंसा पत्र दिया जाएगा। सूचना जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा के परियोजना अधिकारी पवन आर्य ने कहा कि भगवान महावीर फाउंडेशन द्वारा अंहिसा और शाकाहार, शिक्षा, दवा तथा समुदाय और सामाजिक सेवा सहित चार क्षेत्रों में महावीर पुरस्कार दिए जाने हैं, जिनमें से प्रत्येक क्षेत्र में 10 हजार रुपए, एक प्रशस्ति पत्र और एक स्मृति चिन्ह दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन द्वारा उन व्यक्तियों, संस्थाओं की शिफारिशें मांगी गई हैं, जिन पर 28वें महावीर पुरस्कार के लिए विचार किया जा सकेगा। इन पुरस्कारों के लिए 30 जुलाई तक नोमिनेशन सडॉटबी एमफॉर वर्डसएट दारेट जीमेल डॉटकॉम पर आवेदन कर सकते हैं।

### निराश्रित बच्चों को दी जा रही है प्रति माह 1850 रुपये की वित्तीय सहायता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। डीसी उत्तम सिंह** ने बताया कि जिला में 21 वर्ष तक की आयु का बच्चा जो अपने माता-पिता की सहायता अथवा देखभाल से उनकी मृत्यु होने के कारण, अपने पिता के घर से पिछले 2 वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने के कारण अथवा माता-पिता के लम्बी सजा, जो कि एक वर्ष से कम न हो या मानसिक व शारीरिक अक्षमता के कारण वंचित हो जाते हैं और जिनके माता-पिता, अभिभावक की सभी साधनों से वार्षिक आय दो लाख से अधिक नहीं है। वह बच्चा हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग द्वारा दी जा रही वित्तीय सहायता का लाभ पात्र है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त विभाग द्वारा एक परिवार में दो बच्चों तक 1850 रुपये प्रति माह प्रति बच्चा पेंशन प्रदान की जा रही है। डीसी ने बताया कि उपरोक्त स्कीम का लाभ लेने के इच्छुक व्यक्ति के पास बेसहारा होने का प्रमाण पत्र, बच्चों के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र व आवेदक का 5 वर्ष या उससे अधिक की अवधि का हरियाणा राज्य में निवासी होने का दस्तावेज जैसे कि फोटोयुक्त वोटर कार्ड या राशन कार्ड आदि की स्वयं सत्यापित फोटो प्रति सहित परिवार पहचान पत्र होना आवश्यक है।

# जन आवाज सोसाइटी ने डीटीपी कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**अंसल सुशांत सिटी** में हुए सैकड़ो करोड़ के यूडी लैंड घोटाले की तरह अब टीडीआई में भी टीडीआई मालिकों, डीटीपी विभाग और तहसील कार्यालय द्वारा मिली भगत करके हरियाली के लिए छोड़ी गई अनिर्धारित भूमि ( यूडीलैंड) को बिना प्लानिंग ही बेचकर सरकार को करोड़ों रुपए का चूना लगाया जा रहा है यह आरोप जोगेंद्र स्वामी पूर्व जिला पार्षद ने जन आवाज सोसाइटी के कार्यकताओं के साथ जिला योजनाकार विभाग के बाहर प्रदर्शन करते हुए लगाए उन्होंने कहा कि उनके द्वारा सेक्टर 23 स्थित टीडीआई की फर्जी तरीके से रजिस्ट्री होने का मालूम होने के बाद जब प्लॉट नंबर ए 187 ए ,ए 166 ए की रजिस्ट्री निकाली गई तो यह अचंभित करने का मामला था क्योंकि तहसील कार्यालय द्वारा स्टांप शुल्क और रजिस्ट्रेशन में लाखों रुपए की सरकार की चोरी की गई थी इसके साथ-साथ बिना प्लानिंग ही न बेचे जाने वाली यूडीलैंड को डीटीपी विभाग की मिली भगत से फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करवा कर सरकार के साथ करोड़ों रुपए का घोटाला किया गया उन्होंने कहा कि जिस प्रकार उनके द्वारा अंसल सुशांत सिटी में यूडीलैंड बेचने का सैकड़ो करोड़ का घोटाला उजागर किया गया था उसमें अधिकारियों ने खुद को फंसा हुआ देखकर अंशल एपीआई को दिवालीया घोषित करवा दिया था जिसके चलते आज भी अंसल में वहां के दुकानदार अपने मालिकाना हक के लिए नेताओं के यहां चक्कर काटते फिर रहे हैं लेकिन उनकी कोई सुनवाई करने वाला नहीं वही हाल आने वाले समय में टीडीआई के अंदर भी दोहराया जाने वाला है क्योंकि टीडीआई में भी कमर्शियल साइट की कोई भी कंप्लीशन नहीं करवाई गई है और टीडीआई मालिक अब यहां की ग्रीन बेल्ट सार्वजनिक स्थानों और यूडीलैंड को बेचकर डीटीपी विभाग के साथ मिली भगत करके रफू चक्कर होने की फिराक में है। उन्होंने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव हरियाणा सरकार, महानिदेशक कंट्री एंड टाउन प्लानिंग डिपार्मेंट से लिखित में शिकायत करते हुए मांग की है कि इस भ्रष्टाचार में शामिल टीडीआई मालिकों, योजनाकार विभाग और तहसील कार्यालय पर आपराधिक मामला दर्ज करते हुए टीडीआई का तत्काल लाइसेंस रद्द किया जाए।

## एसडीएम के समक्ष गंदे पानी की निकासी की मांग रखी



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**

**करहंस गांव की** सरपंच सुखबीरी के नेतृत्व में पहुंचे दर्जनों महिलाओं व पुरुषों ने समाधान शिविर में एसडीएम के समक्ष गंदे पानी की निकासी की मांग रखी। मंगलवार को समाधान शिविर में कुल 38 शिकायत आई जिसमें से 9 का निपटारा किया गया। सरपंच सुखबीरी ने बताया कि करहंस गांव से जौरासी जाने वाले आम रास्ते पर पनीहारी वाले कुए वाली गली में नालियों का गंदा पानी भरा रहता है जिससे गली वालों का नारकीय जीवन हो गया है।पिछले तीन चार वर्षो से लोग इस समस्या के समाधान को लेकर चक्कर काट रहे है। अभी तक कोई हल नही निकला। जिसपर समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहे पानीपत के एसडीएम मंदीप सिंह ने शिविर में मौजूद बीडीपीओ समालखा, एसडीओ पंचायती राज, जेई पीडब्ल्यूडी को भाजपा नेता विनोद छौक्कर को मौका देखकर समस्या को जल्द निपटारा करने का आदेश दिया। इससे पहले सरपंच सुरबीरी देवी के नेतृत्व में पहुंचे राजबाला, सतवंती, उर्मिला, चमेली, कमला ओमी, निर्मला, गुणवती, अंगूरी, मीना, बाला, शीला, दीपक, फूल सिंह, रघुवीर, धर्मवीर, शार्दुल, विजेंद्र व भगत सिंहआदि एसडीएम कार्यालय के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

## सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया का अब समाज सेवा के नैतिक शिक्षा अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : : सेवा ट्रस्ट यू.के.** इंडिया के जिला संयोजक पवन मित्तल ने बताया कि उनकी संस्था कुरुक्षेत्र जिला व हरियाणा राज्य सहित अन्य राज्यों में भी शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, रक्तदान, रोजगार एवं जल संरक्षण इत्यादि क्षेत्रों कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को जागरूक करने के अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि जून के अंत में ग्रीष्म अवकाश समाप्त हो रहे हैं तो ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बैठक कर निर्णय लिया है कि ट्रस्ट के समाजसेवा तथा सामाजिक जागरूकता के कार्यक्रमों के साथ नैतिक शिक्षा अभियान भी चलाया जाए। मित्तल ने कहा कि आज के बच्चे पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव में हैं। इसलिए बच्चों को नैतिक शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति व संस्कारों से भी अवगत करवाना चाहिए। इस बात की जिम्मेवारी को सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया ने समझा है। उन्होंने बताया अब हर सामाजिक कार्यक्रम में नैतिक शिक्षा को भी शामिल किया जाएगा। मित्तल ने कहा कि नैतिक शिक्षा अभियान से बेहतर समाज के लिए विद्यार्थियों की चेतना के उत्थान का प्रयास है। नैतिक शिक्षा हमारे जीवन के निर्माण में सहायक होती है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाती है।

## बुढाखेड़ा के बाहरी क्षेत्र में की गई साफ-सफाई : धीरज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**




**करनाल। स्वच्छ सर्वेक्षण** 2024 में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत करनाल शहर में 21 से 30 जून तक मेगा सफाई अभियान बड़े जोर-शोर से चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को वार्ड नम्बर 2 के बुढाखेड़ा गांव के बाहरी क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान बड़ी मात्रा में पॉलिथीन उठाया गया। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेगा सेफाई अभियान के तहत बीती 21 जून से रोजाना शहर के अलग-अलग हिस्सों में साफ-सफाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभियान में ऐसे क्षेत्रों की सफाई की जा रही है, जहां नागरिक आते-जाते खुले में कूड़ा-कर्कट फैलाते रहते हैं। साफ-सफाई के पश्चात सम्बंधित क्षेत्र की आई.ई.सी. भी की जाती है, ताकि वह दोबारा वहां पर कूड़ा-कचरा ना फैलाएं। उन्होंने बताया कि बीते दिनों में वार्ड नम्बर 15 के जाटों गेट के सामने स्थित एक पौंड के चारों ओर साफ-सफाई की गई। इसके अतिरिक्त सैक्टर-12 संडे सेल बाजार क्षेत्र तथा पाठक अस्पताल के सामने खाली पड़े क्षेत्र में भी मेगा सफाई अभियान के तहत विशेष साफ-सफाई की गई है। उन्होंने बताया कि मेगा सफाई अभियान में शहर की सामाजिक संस्थाओं, निवासी कल्याण संघ, गैर सरकारी संगठन तथा स्वयं सहायता समूह का भी योगदान लिया जा रहा है। इनके अतिरिक्त शहरवासी भी इस अभियान से जुड़ रहे हैं। उन्होंने अन्य सभी नागरिकों से भी अपील की है कि वह भी अभियान में शामिल हों और अपने शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने में सहयोग करें। अतिरिक्त निगम आयुक्त ने शहर वासियों से पुनः अपील करते कहा कि वह घरों से निकलने वाले कूड़े-कचरे को अपने डस्टबिन में ही इकठ्ठा करके रखें और उसे नगर निगम के कूड़ा एकत्र करने वाले वाहन में ही डालें। कचरे को इधर-उधर ना गिराया जाए और ना ही उसमें आग लगाई जाए। कचरे में आग लगाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है, जिससे नागरिकों को भी सांस लेने में दिक्कत आती है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते कहा कि वह मेगा सफाई अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और अपने शहर को क्लीन सिटी बनाने में सहयोग दें।

मेगा सफाई अभियान में सफाई निरीक्षक ऊषा रानी, स्वच्छ भारत मिशन शहरी टीम से ट्रीगर मास्टर गुरदेव सिंह, मोटीवेटर व स्वास्थ्य स्वच्छता निरीक्षक, दरोगा सुरेन्द्र, मनीष, तेजपाल, रामफल व नरेश, सुपरवाईजर विजय तथा सफाई कर्मियों ने हिस्सा लिया।

## इनसो ने कॉलेजो में दाखिले के लिए आनलाईन पंजीकरण की तारीख बढाने की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**शहर के सभी राजकीय** कालेजो और एस.डी. कालेज, आई.बी कालेज, आर्य कालेजों में दाखिला पंजीकरण की तारिख बढाई जाए । उक्त मांग छात्र संगठन इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑगेनाईजेशन (इनसो) के जिला प्रधान बलराज देशवाल और इनसो राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र जैलदार के नेतृत्व में छात्रों ने तहसीलदार विरेंद्र गिल के माध्यम से हायर एजुकेशन डायरेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा । इनसो छात्र नेताओं ने बताया की पानीपत के सभी राजकीय और ऐडेड सभी 14 कालेजों में 15083 सीटो पर आनलाईन दाखिलो के लिए पंजीकरण 3 जून से शुरू हो चुका है जो आज 25 जून रात 12 बजे तक होगा जबकि जिले में 12वी में हरियाणा बोर्ड में 9843 और सीबीएसई में 5450 विधार्थी पास हुए है इस प्रकार से छात्रों की संख्या ज्यादा होने के कारण व नेट सर्वर डाऊन होने के कारण कालेजों में दाखिलों के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे है और 3 और 4,5 जून को पहले तीन दिन पोर्टल भी नहीं चल पाया जिससे पहले ही दिन आवेदन के लिए कम थे जिसमें 3 दिन पोर्टल न चल पाया जिससे ये सिर्फ 19 दिन ही आवेदन के रह गए और इसके बाद भी कई बार बीच बीच में पोर्टल नहीं चल पता स्पीड बहुत कम हो जाती है यह परेशानी भी हर रोज हो रही है इनसो छात्र नेताओ ने बताया की पंजीकरण करवाने का समय जो 3 जून से 25 जून तक है यह समय छात्र व छात्राओं की संख्या ज्यादा होने के कारण बहुत कम है क्योकि जो छात्र 12वी पास करके कालेजों में दाखिला लेने के लिए पंजीकरण करवाने आ रहे है उनमें बहुत से छात्र ऐसे है जिनके पास पूरे डोकोमेंट नहीं हो और उन्हें वो तेयार करने में समय लगता है जिसके कारण आवेदन करने का समय कम रह जाने के कारण छात्र व छात्राएं डरे हुए है कहि वो दाखिला लेने से वंचित तो ना रह जाए क्योकि अभी भारी संख्या में छात्र रह चुके है इसलिए छात्र नेताओं ने मांग की है की इस कालेजों में आनलाईन पंजीकरण की तारिख 25 जून से बढाकर आगे की जाए जिससे सभी छात्र आवेदन कर पाएं।

**70% छात्रों ने किए आवेदन**

इनसो छात्र नेताओं ने बताया की आज 25 जून ऑनलाइन दाखिला पंजीकरण की आखरी तारीख है लेकिन अभी तक 30% छात्र अभी तक कॉलेजों में आवेदन ही नहीं करने आंए है सिर्फ 70% छात्रों ने कॉलेजों में दाखिला लेने के लिए पंजीकरण करवांए है इस प्रकार आज का दिन ही बचा है जिसमें सभी छात्र आवेदन नही कर पाएंगे इसलिए छात्रों की समस्या को देखते हुए पोर्टल को आगे बढाया जांए पोर्टल को 25 के बाद खोला जाएं ताकि छात्र कॉलेजों में जाकर आवेदन कर सके।

## हरिद्वार जाने से रोका तो किया सुसाइड




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल में** मंगलवार को युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर सुसाइड कर लिया। युवक हरिद्वार जाना चाहता था। उसने परिवार के लोगों से पैसे मांगे थे। जब परिवार ने पैसे देने से मना कर दिया तो उनकी आपस में कहासुनी हो गई। इसके बाद युवक रात को ही घर से निकल गया। सुबह उसका शव रेलवे लाइन पर पड़ा हुआ मिला। मृतक की पहचान बसताड़ा गांव के रहने वाले 20 वर्षीय रमनदीप सिंह के रूप में हुई है। जीआरपी पुलिस ने मृतक का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। रमनदीप के मामा बलिंद्र कुमार ने बताया घर वालों ने रात को ही उसकी तलाश शुरू कर दी थी, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया। मंगलवार को रेलवे लाइन पर जीआरपी को एक शव मिला। जीआरपी ने मृतक के मोबाइल की जांच की। इसके बाद उन्हें घटना की सूचना दी गई। बलिंद्र सिंह ने बताया कि रमनदीप घर का इकलौता बेटा था। वह मजदूरी करता था। उसके पिता नरेंद्र की 10 साल पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी।

## व्यक्तिगत डेयरियों में बायोगैस प्लांट लगाने पर मिलता है ४० प्रतिशत अनुदान: अखिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। अतिरिक्त** उपायुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि सरकार द्वारा वर्ष २०२३-२४ के दौरान बायोगैस को बढ़ावा देने के लिए संस्थागत बायोगैस प्लांट योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत बायोगैस प्लांट की लागत का ४० प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है और योजना का लाभ पोल्ट्रीफार्म सहित संस्था, खुद की डेयरी व गऊशाला ले सकते हैं। योजना का लाभ उठाने के लिए ५ जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है।

अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि इस योजना के तहत २५ क्यूबिक मीटर के लिए ७० से ८०, ३५ क्यूबिक मीटर के लिए १०० से ११०, ४५ क्यूबिक मीटर के लिए १२५ से १४०, ६० क्यूबिक मीटर के लिए १७५ से १८० तथा ८५ क्यूबिक मीटर के लिए २५० से २७० पशुओं से प्राप्त गोबर की आवश्यकताहोती है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा गौशालाओं, धर्मार्थ संस्थान, पोल्ट्रीफार्म, वाणिज्यिक और व्यक्तिगत डेयरियों में बायोगैस प्लांट लगाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए है। इस स्कीम की अधिक जानकारी के लिए लघुसचिवालय की दूसरी मंजिल पर स्थित कमरा न० १६ में सर्म्पक कर सकते हैं और अपना आवेदन जमा करवा सकते हैं।

## अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत ,ज्सी कमाल हुसैन**




**आईए वन प्रभारी** सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि उसकी टीम सोमवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान सेक्टर 13/17 मोड़ पर पर मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली की गोयला खेड़ा निवासी अंकित सेक्टर 18 पुलिया की और पैदल आ रहा है। जिसके पास अवैध हथियार होने की संभावना है। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस टीम सेक्टर 18 पुलिया पर पहुची तो सामने से पैदल आ रहा एक युवक पुलिस टीम को देखकर एकदम से वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान अंकित उर्फ मटर पुत्र ऋषिपाल निवासी गोयला खेड़ा के रूप में बताई। पुलिस टीम ने युवक की तलाशी ली तो उसकी पहनी हुई पेंट की जेब से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ। पिस्तौल को खोलकर जांच की तो अनलोड मिला। देसी पिस्तौल का लाईसेंस व परमिट मांगने पर आरोपी कोई भी कागजात पेश नही कर सका। सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया उसको अवैध हथियार रखने का शौक है। आरोपी ने शौक पूरा करने के लिए उक्त देसी पिस्तौल करीब 20 दिन पहले अपने दोस्त नवीन उर्फ भोलू निवासी एकता विहार से लेकर आने बारे स्वीकारा।

## नशा एक सामाजिक बुराई है: उप पुलिस अधीक्षक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



समाज को नशा मुक्त करने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा चलाए गए नशा मुक्त हरियाणा पखवाड़ा अभियान के तहत मंगलवार को जिला के सभी थाना प्रभारियों ने गांव के सरपंचों व वार्ड के मौजिज व्यक्तियों के साथ थाना परिसर में बैठक कर नशे के दुष्परिणामों की जानकरी देकर पानीपत जिला को नशा मुक्त करने में सहयोग की अपील की। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय संदीप कुमार ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई से लड? के लिए समाज के सभी लोगों को एकजुट होना होगा। तभी हम इस अभिशाप को जड़ से खत्म कर सकते हैं। नशा शरीर के लिए जहां खतरनाक है, वहीं अपराध का भी मुख्य कारण है। अनेक युवा जो नशे में किसी कारणवश धंस जाते हैं और फिर नशे की पूर्ति के लिए कोई भी आपराधिक वारदात करने से नहीं हिचकिचाते। नशा मुक्त व अपराधमुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे। पुलिस मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रही है। मगर लोगों में नशा के खिलाफ जागरूकता पैदा करने तथा इस अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है। उन्होंने कहा नशे को जड़ से खत्म करने के लिए समाज के प्रत्येक नागरिक को अहम जिम्मेदारी निभानी होगी। इस दौरान सभी से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि आपके गांव, मौहल्ला, कालोनी इत्यादी में कोई भी व्यक्ति नशीले पदार्थ बेचने या खरीदने का कार्य करता है तो उसकी सूचना पानीपत एंटी नारकोटिकस सेल इंचार्ज के मोबाइल नंबर 7419600124 या संबंधित थाना, सीआईए प्रभारी या चौकी इंचार्ज के नंबर पर दे सकते है। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। सभी ने एकजुट होकर अभियान में पूर्ण रूप से सहयोग करने का आश्वासन दिया। 12 जून से 26 जून तक नशे के खिलाफ नशा मुक्त हरियाण पखवाड़ा चलाया जा रहा है। पखवाड़ा का उद्देश्य नशीली दवाओं के दुरुपयोग, अवैध तस्करी, नशीली दवाओं के बारे में जागरूकता फैलाना व ड्रग्स के दुरुपयोग को खत्म करना है। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने जिला में जागरूकता अभियान के सफल आयोजन के लिए सभी पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रबंधक व चौकी इंचार्जों को विशेष दिशा निर्देश दिए है।

## हर व्यक्ति अपने जन्मदिन पर उतने ही पेड़ लगाए, जितने साल का वह है : दिनेश गुलाटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। मेरा मिशन स्वस्थ** के अंतर्गत मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में आज का योग सत्र सैक्टर-32 से लिया गया। सूक्ष्म व्यायाम के साथ-साथ आसन सत्र का अभ्यास करवाया गया। अगर हर व्यक्ति अपने जन्मदिन पर उतने ही पेड़ लगाए, जितने साल का वह है तो ये धरती फिर से आबाद हो जाएगी। वृक्ष हमारी शान है, वृक्ष हमारी जान है, वृक्ष शुद्ध हवा देते है, बीमारी की दवा देते हैं। आज मेरा मिशन स्वस्थ भारत की सेक्टर-32 पार्क योग कक्षा में मिशन प्रमुख के जन्मदिन के सुअवसर पर पहले उनसे वृक्षारोपण करवाया गया। उसके बाद केक काटकर शुभकामनाओं के साथ जन्मदिवस मनाया गया। इस सुअवसर पर सैक्टर 32 की पूरी टीम, जिसमें निर्मल कंबोज, अशोक कंबोज, रविंद्र सिंघला, अंशु सिंघला, मेघना सेठ, ज्योति अरोड़ा, इंदु गुप्ता, रोशनी चौधरी, चारु, आकृति सिंगला, मनप्रीत, शशि राणा, सतपाल, राजेश सिंगला, सोनू सिंगला, डा. कैलाश गर्ग, अमित गोयल, सुमन गोयल, सीमा और मंजू सभी साधकों ने मिशन प्रमुख को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।



# शरीर में पोटेशियम कितना जरूरी

- पोटेशियम आपके तंत्रिका तंत्र और रक्त संचार को सुचारू बनाए रखने में मदद करता है
- शरीर के कुछ अंगों में हमेशा झनझनाहट, पोटेशियम की कमी के कारण होती है
- कब्ज की शिकायत भी हो सकती है क्योंकि पाचन प्रक्रिया सुचारू नहीं हो पाती



- पोटेशियम की कमी की वजह से कई लोगों को तनाव हो जाता है

हमारा शरीर पांच तत्वों से बना है। हमारे शरीर को सबसे ज्यादा किस चीज की जरूरत होती है। हमारे शरीर को स्वस्थ रहने के लिए हर प्रकार के पोषक तत्व की आवश्यकता होती है। इन्हीं में से एक पोटेशियम नामक तत्व भी होता है। अगर शरीर में इसकी कमी हो जाती है तो कई प्रकार के रोग और विकार, मनुष्य के शरीर को घेर लेते हैं। इसकी कमी की वजह से कई लोगों को तनाव भी हो जाता है। इसीलिए आपने देखा होगा कि तनावग्रस्त लोगों को काला नमक डालकर केला खाने की सलाह दी जाती है।



## पोटेशियम की कमी होने के लक्षण

**मांसपेशियां कमजोर:** अगर आपको रोज ही मांसपेशियों में दर्द, ऐंठन और टीस रहती है तो शायद आपके शरीर में पोटेशियम की कमी हो गई है।

**झनझनाहट :** शरीर के कुछ अंगों में हमेशा झनझनाहट, पोटेशियम की कमी के कारण होता है, क्योंकि पोटेशियम ही आपके तंत्रिका और रक्त संचार को सुचारू रूप से होने में मदद करता है।

**दिल तेजी से धड़कना :** पोटेशियम की कमी से हार्ट की मांसपेशियों में संकुचन आ जाता है। जिसकी वजह से वह सामान्य रूप से नहीं धड़क पाता।

**कब्ज :** पोटेशियम की कमी से व्यक्ति को कब्ज की शिकायत हो सकती है क्योंकि पाचन प्रक्रिया सुचारू नहीं हो पाती है।

**मानसिक दबाव:** पोटेशियम की कमी से मानसिक दबाव होने लगता है और कई बार व्यक्ति तनाव में रहने लगता है। अवसाद की स्थिति में पोटेशियम की कमी ही कुछ हद तक जिम्मेदार होती है।

**हाइपरटेंशन:** शरीर में पोटेशियम कम होने पर रक्त वाहिकाओं में समस्या आने लगती है और मस्तिष्क तक रक्त का संचार ठीक ढंग से नहीं हो पाता है और व्यक्तिको सोचने व समझने में दिक्कत होती है। यह एक गंभीर स्थिति होती है।

**मतली:** अगर आपको बिना वजह ही मतली आती रहती है तो पोटेशियम की कमी आपके शरीर में हो चुकी है। आपको शीघ्र ही शरीर में पोटेशियम तत्व भरपूर करने वाले खाद्यो की पूर्ती करनी चाहिए।

# नीम की चाय बीमारियों को करे गुड बाय

***नीम*** नाम सुन कर ही हमें कड़वेपन का ऐहसास होने लगता है। जिस तरह सच्ची बात हमेशा ही कड़वी होती है, उसी तरह नीम भी कड़वापन लिए आपकी बीमारियों के लिए सच्ची तरह दूर करने में सहायक होता है। यूं तो नीम की पत्तियों और दांतून आपकी दांतो और त्वचा की देखभार करता ही है पर अब यदि आप नीम की चाय या फिर नीम का काढ़ा बना कर पीएं तो आपका स्वास्थ्य और भी ज्यादा निखर सकता है। जाने कैसे :

1. **बैक्टीरिया और वायरस का करता है नाश :** नीम शरीर में बैक्टीरिया और वायरस से लड़ने में असरदार है। यह आपके शरीर की बीमारियों को जड़ से निकालने की कोशिश करता है।
2. **सांसो की बदबू दूर करे:** यदि सांसो से बदबू आने की समस्या है तो नीम की चाय से आपकी यह प्रॉब्लम भी दूर हो सकती है। नीम दांतों की सड़न से भी बचाती है।



3. **कब्ज दूर करे :** यदि आपको कब्ज की समस्या है तो आप नीम से बनी हुई चाय पी सकते हैं। यह आपकी पाचन क्रिया को दुरूस्त करके आपकी कब्ज की प्रॉब्लम दूर करता है।
4. **खून साफ करे:** नीम को खून साफ करने में महारत हांसिल है। यह खून को साफ कर के हमें निरोगी बनाती है। नीम की चाय बड़ी-बड़ी बीमारियां जैसे, निमोनिया, मलेरिया, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और दिल के रोग से बचाती है। नीम की चाय कैसे बनती है और इसे पीते वक्त क्या-क्या सावधानियां रखनी चाहिए।

**नीम की चाय बनाने की विधि:-** जरूरत के हिसाब से पानी उबाल लें। एक कप में मुट्ठीभर नीम की पत्तियां डालें और ऊपर से उबला पानी डालें। नीम की पत्तियों को पानी में 5-7 मिनट तक भिगोए रखने के बाद पत्तियों को छान लें। फिर कप के पानी में शहद या नींबू का रस मिक्स करें। आप चाहें तो नीम की पत्तियों के अलावा नीम की पत्तियों का पॉवडर भी डाल सकते हैं।

**नीम की चाय का साइड इफेक्ट:**

1. वैसे तो नीम की चाय स्वास्थ्य के लिए अच्छी होती है पर इसके कुछ साइड इफेक्ट भी हो सकते हैं। यदि कोई महिला गर्भवती हैं या फिर गर्भवती होने वाली है, तो इस चाय को पीने से बचें। यह चाय आपका गर्भपात कर सकती है।
2. नीम की चाय केवल दो कप ही पीनी चाहिए क्योंकि यह बहुत तेज होती है इसलिए इसे ज्यादा पीने से आपको उल्टी जैसा महसूस हो सकता है।
3. नीम की चाय रोज न पीएं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-1-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-5-6

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होगें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी क्षुचता रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मक्षुचतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढ़ग की परेशानियां पैदा करेगी। कारेबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देगें। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8

## लॉफिंग ज़ोन

एक बार एक कंजूस सेठ किराये की टैक्सी मे बैठा जा रहा था कि अचानक ही ड्राइवर बोला- साहब मेरी गाडी के ब्रेक फेल हो गये हैं.

इस पर सेठ जल्दी से बोला- अरे ब्रेक फेल हो गये हैं तो क्या हुआ पहले जल्दी से टैक्सी का मीटर तो बंद कर.

☺ ☺ ☺

एक पाठक ने किसी पत्रिका में एक प्रश्न पूछा कि पापड़ और झापड़ में क्या अंतर है?

संपादक ने उत्तर दिया - 'बेकार में दिमाग खपाने से कुछ नहीं होता. दोनों खाकर देख लीजिए, फर्क अपने आप समझ में आ जाएगा.'

☺ ☺ ☺

मनोज (दुकानदार से)- 'कैसी कुर्सियां बनाते हो? पिछले हफ्ते कुर्सी खरीदी थी, दो दिन भी नहीं चली.'

दुकानदार (मनोज से)- माफ कीजिएगा साहब, कुर्सी चलने के लिए नहीं होती, बैठने के लिये होती है.


☺ ☺ ☺

राकेश (मुकेश से)- 'फांसी के फंदे और शादी के फंदे में क्या अन्तर है?'

मुकेश (राकेश से)- 'फांसी के फंदे के बाद तमाम मुसीबतें खत्म हो जाती है और शादी के फंदे के बाद मुसीबतों की शुरूआत होती है.'

☺ ☺ ☺

## काकुरो पहेली -4095




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:


| 15 / 24 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | |
| 8 | | | | | |
| 9 | | | | | |

1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 4094 हल



## फिल्म वर्ग पहेली- 4095



**बायें से दायें:-**

१. अजय, सुनील शेट्टी, प्रियंका, दीया की 'जाना नहीं था' गीत वाली फिल्म-२,२
५. अनिल, अक्षय, मनोज, करीना की 'मेरा दिल जिस' गीत वाली फिल्म-३
७. 'चाँद को क्या मालूम' गीत वाली पृथ्वीराज, शेख मुख्तार की फिल्म-२,३
९. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'मुसाफिर जाने वाले' गीत वाली फिल्म-३
११. 'जाओ जाओ हमसे क्या' गीत वाली जैकी श्रॉफ अमृतासिंह की फिल्म-२,३
१४. राजेश खन्ना, बबीता की 'अकेले हैं चले आओ' गीत वाली फिल्म-२
१५. गुड्डू धनोआ निर्देशित इमरान खान, शाहबाज खान, तब्बू की फिल्म-२
१७. करण दीवान, वैजयंतीमाला की 'दुनिया का मजा लेलो' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'तुम मुझे भूल भी जाओ' गीत वाली सुनीलदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-२
२१. जीतेंद्र, रेखा की 'गाँव में होते हँसते रोते' गीत वाली फिल्म-४
२३. प्रकाश झा निर्देशित मनोहरसिंह, अन्नूकपूर, सरला, दीप्ति नवल की फिल्म-३
२४. शशिकपूर, शर्मिला टैगोर की 'जिक्र होता है जब कयामत का' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. 'दिल में जागी धड़कन ऐसे' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
२७. प्रशांत, संध्या की 'पंख होते तो उड़ आती रे' गीत वाली फिल्म-३
३०. फिल्म 'जबर्दस्त' में सनी देओल के साथ नायिक कौन थी-४
३२. जैकी, अमरीश, डिम्पल की 'हम न समझे थे' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज वाजपेयी, उर्मिला मातोंडकर की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. रानी ने इसमें अंधी एवं गूंगी-बहरी लड़की की भूमिका की है-२
२. फिरोज, संजय खान, मुमताज की फिल्म-२
३. 'आज गालो मुस्करालो' गीत वाली फिल्म-४
४. शम्मीकपूर, सायरा की एक फिल्म-३
६. 'सनम तुम हम पे मरते' गीत वाली फिल्म-३
८. 'मैं तुझसे मिलने आई' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-२
९. धर्मेन्द्र, रेखा की 'ऐ हवा ये बता' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'संसार है एक नदिया' गीत वाली विनोद मेहरा, डैनी, मौसमी चटर्जी की फिल्म-३
११. 'तुम तो परदेसी हो' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'ना सतरा से ऊपर ना सोला से कम' गीत वाली नवीन निश्चल, रेखा की फिल्म-२
१३. अशोककुमार, मधुबाला की 'आयेगा आने वाला' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म-२
१८. जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता भट्ट की 'अब घर आजा' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली अक्षयकुमार, करिश्मा की फिल्म-३
२१. शाहरूख, मनीषा, प्रीति की फिल्म-२,१
२२. फिल्म 'आरम्भ' में राकेश के साथ नायिका-२
२५. रजनीकांत, पद्मिनी, विजेयता की फिल्म-४
२६. 'ऐ यार सुन यारी' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूरस रेखा, परवीन बाबी की फिल्म-३
२८. शॉवरअली, तरूण, मेघना नायडू कीफिल्म-३
२९. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
३१. ऋतिक रोशन, करीना कपूर की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 4094



## सूडोकु -4095


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -4094 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली -4095



**बाएँ से दाएँ**

1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त,अकाल-5
20. प्रयास,कोशिश-5
23. टोंटी,नलका-2
24. कामदेव,पुष्कर-2,3
25. डर,भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा,व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2. बिंदु,बिंदी,शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा,नुकसान-2
6. मूर्ख,बेवकूफ-4
7. बिना कारण,बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम,संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह,किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्,अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

शब्द पहेली -4094 हल



# पेरिस 2024: भारत ने तीरंदाजी में ओलंपिक टीम कोटा हासिल किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जारी ताजा विश्व तीरंदाजी रैंकिंग के आधार पर भारत ने इस वर्ष के पेरिस ओलंपिक के लिए तीरंदाजी में पुरुष और महिला टीम के लिए कोटा हासिल कर लिया है। भारत ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में गैर-योग्य देशों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया और कोटा हासिल किया। इस प्रकार, भारत पेरिस में होने वाली सभी पदक स्पर्धाओं, पुरुष और महिला टीम, व्यक्तिगत और मिश्रित वर्ग में भाग लेने के लिए पात्र होगा। पुरुष वर्ग में भारत और चीन ने जगह बनाई, जबकि महिला वर्ग में इंडोनेशिया टीम ओलंपिक कोटा हासिल करने वाला दूसरा देश था। टीम स्पर्धाओं में प्रत्येक खंड में 12 टीमें होंगी, जबकि मिश्रित प्रतियोगिताओं में पांच टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। पहली बार, तीन चरण के ओलंपिक क्वालीफायर के बाद शीर्ष दो देशों को टीम कोटा प्रदान किया गया है। पहला ओलंपिक क्वालीफायर पिछले साल बर्लिन में विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप के दौरान आयोजित किया गया था, जहां से दक्षिण कोरिया, तुर्की और जापान ने पुरुष वर्ग में क्वालीफाई किया था; जबकि जर्मनी और मैक्सिको ने महिला वर्ग में अपना स्थान सुरक्षित किया दूसरा चरण एशियाई क्वालीफायर था। कजाकिस्तान और दक्षिण कोरिया ने एशियाई चरण में क्रमशः पुरुष और महिला टीम कोटा हासिल किया, जबकि कोलंबिया और संयुक्त राज्य अमेरिका ने पैन अमेरिका से कट बनाया।

# ऑस्ट्रेलिया ने हॉकी पुरुष विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई किया

**लुसाने।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैच में बेल्जियम के खिलाफ ग्रेट ब्रिटेन की हार के बाद, ऑस्ट्रेलिया ने बेल्जियम और नीदरलैंड्स में आयोजित होने वाले एफआईएच हॉकी पुरुष विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के 2023/24 सीज़न की शुरुआत में, इस आयोजन में एक नया प्रोत्साहन जोड़ा गया, जिसमें खिताब विजेता आगामी एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के लिए सीधे योग्यता अर्जित करेंगे। नियमों के अनुसार, बेल्जियम या नीदरलैंड पुरुष या महिला दोनों में से किसी एक का खिताब जीतते हैं, तो उनके पीछे सर्वोच्च स्थान पर रहने वाली टीम को सीधे प्रवेश मिलेगा। ऑस्ट्रेलिया, जो वर्तमान में 34 अंकों के साथ पुरुष तालिका में पहले स्थान पर है, पहले ही अपने 16 मैच पूरे कर चुका है। ग्रेट ब्रिटेन के पास अब आठ अंक गिनने से, अब वे अधिकतम 31 अंक प्राप्त कर सकते है, जिससे वे खिताब की दौड़ से बाहर हो गए हैं। जबकि नीदरलैंड, अपने सीज़न में 4 मैच शेष रहते हुए, वर्तमान में 26 अंकों पर है, खिताब की तलाश में बना हुआ है। ऑस्ट्रेलिया को अब खिताब विजेता के रूप में या नीदरलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहने की गारंटी है, दोनों उदाहरणों से उन्हें एफआईएच हॉकी पुरुष विश्व कप 2026 में स्थान की गारंटी मिलती है।

# ओलंपिक में भारत के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में जेएसडब्ल्यू ग्रुप ने पेरिस में प्रदर्शनी का आयोजन किया

**पेरिस।** जेएसडब्ल्यू समूह ने पेरिस में एक प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ ओलंपिक दिवस मनाया, जो ओलंपिक आंदोलन के संस्थापक पियरे डी कुबर्टिन के जीवन और विरासत का जश्न मनाता है, साथ ही मेजबान शहर पेरिस में खेलों में भारत की उपस्थिति के 100 साल पूरे होने का जश्न भी मनाता है। जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन की चेयरपर्सन, श्रीमती संगीता जिंदल और इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट के संस्थापक, पार्थ जिंदल के साथ आईओसी के अध्यक्ष, थॉमस बाक, संस्कृति मंत्री, मैडम रचिदा दाती, फ्रांस गणराज्य में भारत के राजदूत जावेद अशरफ और पियरे डी कुबर्टिन फैमिली एसोसिएशन की अध्यक्ष श्रीमती एलेक्जेंड्रा डी नवासेल प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगी, जो पेरिस के 7वें एरोनडिसमेंट के टाउन हॉल में आयोजित की जाएगी और सितंबर में पेरिस 2024 ग्रीष्मकालीन पैरालंपिक खेल के अंत तक चलेगी।

# त्रीसा और गायत्री अमेरिकी ओपन में करेंगे भारतीय चुनौती की अगुआई, भारतीय जोड़ी को मिली दूसरी वरीयता

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की अगुआई में शुरू हो रहे अमेरिकी ओपन बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर बैडमिंटन टूर्नामेंट में खेलने उतरेगी। त्रीसा और गायत्री की महिला डबल्स जोड़ी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर चुके खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी इस टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। ओलंपिक में एक महीने से भी कम समय बचा है और ऐसे में पेरिस जाने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों पीवी सिंधु, एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष डबल्स जोड़ी तथा अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की महिला डबल्स टीम ने टूर्नामेंट में नहीं खेलने का फैसला किया है। मई-जून में सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में उपविजेता रही विश्व की 24वें नंबर की भारतीय जोड़ी त्रीशा और गायत्री को इस सुपर 300 टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता मिली है। त्रीशा और गायत्री को बाई के बाद सीधे प्री क्वार्टर फाइनल में जगह मिली है जहां उनका सामना सेई पेई शेन और हंग एन-जू की चीनी ताइपे की गैरवरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा।

# टी20 विश्व कप से ऑस्ट्रेलिया बाहर, पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचा अफगानिस्तान

एजेंसी

**किंग्सटाउन ।** राशिद खान की कप्तानी में अफगानिस्तान की टीम ने इतिहास रच दिया है। अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को हराकर टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। यह पहली बार है जब अफगानिस्तान की टीम टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची है।

अफगानिस्तान की इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया का सफर इस टूर्नामेंट में खत्म हो गया है। ऑस्ट्रेलिया 2021 में टी20 विश्व कप की चैंपियन बनी थी। लेकिन, इस बार उसका सफर सुपर-8 में ही थम गया है। बांग्लादेश के खिलाफ राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। अफगानिस्तान ने पांच विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाए। टीम के लिए रहमानुल्लाह गुरबाज ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए। जबकि अंतिम ओवरों में राशिद खान ने 10 गेंदों में महत्वपूर्ण 19 रन बनाए और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। मैच के दौरान 4 बार बारिश ने खलल डाला। इसलिए बांग्लादेश की



पारी में एक ओवर की कटौती की गई। अफगानिस्तान ने बांग्लादेश के सामने 116 रन का लक्ष्य रखा था। लेकिन, डकवर्थ लुईस नियम के तहत ओवर घटाकर बांग्लादेश को 19 ओवर में 114 रन का नया टारगेट मिला। जवाब में बांग्लादेश की टीम के विकेट लगातार गिरते रहे। अकेले लिटन दास ही टीम के लिए लड़ते रहे। लिटन ने 54 रन बनाए, लेकिन दूसरे छोर पर कोई बल्लेबाज नहीं टिक सका। बांग्लादेश की टीम 105 रन पर ही सिमट गई। अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीन उल हक ने 18वें ओवर में लगातार 2 विकेट लेकर मैच का पासा पूरी तरह पलट दिया और जीत अफगानिस्तान के नाम कर दी। कप्तान राशिद ने भी इस मुकाबले में 4 विकेट लिए।

# यूरो 2024: इटली, स्पेन अंतिम 16 में, क्रोएशिया बाहर

एजेंसी

**बर्लिन।** मैटियास ज़ाकाग्नि द्वारा अंतिम समय में किये गए गोल की बदौलत मौजूदा चैंपियन इटली ने क्रोएशिया के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेलकर यूरो 2024 के अंतिम-16 चरण में प्रवेश किया, जबकि स्पेन ने ग्रुप बी के अंतिम दौर में अल्बानिया को 1-0 से हराकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा।क्रोएशिया ने आक्रामक शुरुआत की, क्योंकि उसे पता था कि केवल जीत से ही वह अंतिम 16 के दौर में पहुंच सकेगा। उसे गोल करने के कई मौके भी मिले, लेकिन सफलता हासिल नहीं हुई। पहला हॉफ गोल रहित समाप्त हुआ।मध्यांतर के बाद क्रोएशिया ने एक बार फिर अच्छी शुरुआत की। मैच के 55 मिनट में लुका मोड्रिक ने गोल कर क्रोएशिया को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद इटली ने क्रोएशिया के गोल क्षेत्र पर आक्रमण शुरू कर दिया, क्योंकि उन्हें अगले दौर के लिए अपनी जगह पक्की करने के लिए कुछ और मौके की जरूरत थी। मैच के अतिरिक्त समय



में मैटियास ज़ाकाग्नि ने आखिरकार गोल कर इटली को 1-1 से बराबरी दिला दी और यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ

ग्रुप बी के दूसरे मुकाबले में, अग्रणी स्पेन ने फेरान टोरेस के एकमात्र गोल से अल्बानिया को 1-0 से हराकर अपनी जीत का सिलसिला तीन मैचों तक बढ़ा दिया। स्पेन ग्रुप बी में 9 अंकों के साथ शीर्ष पर रहा। इसके बाद इटली (4 अंक), क्रोएशिया (2 अंक) और अलाबानिया (1 अंक) का स्थान रहा। प्रत्येक छह समूहों में से शीर्ष दो और तीसरे स्थान पर रहने वाली चार सर्वश्रेष्ठ टीमें राउंड-ऑफ-16 नॉकआउट चरण में प्रवेश करेंगी।

# टी20 विश्व कप – रोहित की 92 रन की तूफानी पारी से भारत सेमीफाइनल में

एजेंसी

**ग्रॉस आइलेट।** कप्तान और प्लेयर ऑफ द मैच रोहित शर्मा की 41 गेंदों पर सात चौकों और आठ छक्कों की मदद से सजी 92 रन की तूफानी पारी की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप के सुपर आठ के ग्रुप एक मुकाबले में 24 रन से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया भारत ने पांच विकेट पर 205 रन का मजबूत स्कोर बनाया और ऑस्ट्रेलिया की चुनौती को सात विकेट पर 181 रन पर थाम लिया। भारत ने इस जीत से ऑस्ट्रेलिया से पिछले साल वनडे विश्व कप के फ़ाइनल में मिली हार का बदला चुका लिया। भारत का सेमीफाइनल में इंग्लैंड से 27 जून को मुकाबला होगा।

भारत ने सेमीफ़ाइनल में जगह पक्की कर ली है और इस मैच में उनका प्रदर्शन काबिलेतारीफ़ रहा। बल्लेबाज़ी में रोहित शर्मा ने पहली गेंद से ही अपने इरादे साफ़ कर दिए थे और उनके द्वारा दिलाई गई शुरुआत के चलते भारत ने एक बड़ा स्कोर खड़ा किया था। दूसरी पारी में मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड भारत के लिए सिरदर्द बने थे लेकिन कुलदीप के स्पैल ने भारत को वापसी का मौक़ा दिया। बुमराह हर बार की तरह इस बार भी शानदार रहे। उन्होंने हेड का महत्वपूर्ण विकेट निकाला। हेड ने 43 गेंदों में नौ चौकों और चार छक्कों की मदद से 76 रन बनाये। इस हार के बावजूद ऑस्ट्रेलिया अब भी सेमीफाइनल की होड़ में बना हुआ है। ऑस्ट्रेलिया को अब उम्मीद करनी होगी कि सुपर 8 के अंतिम मैच में मंगलवार को सुबह बांग्लादेश की टीम अफ़ग़ानिस्तान को हरा दे। भारत की तरफ से अर्शदीप सिंह ने 37 रन पर तीन विकेट और कुलदीप यादव ने 24 रन पर दो विकेट लिए। बुमराह ने हेड का विकेट निकाला। अक्षर पटेल को भी एक विकेट मिला इससे पहले रोहित ने कप्तानी की जिम्मेदारी के साथ खेलते हुए रिकार्डों से भरपूर पारी खेली और भारत को विराट



कोहली के शून्य पर आउट होने के झटके से उबारा। रोहित ने मिचेल स्टार्क के पारी के तीसरे ओवर में चार छक्के और एक चौका लगाकर 29 रन बटोरे। भारतीय कप्तान पुरुष टी20 में पावरप्ले में ही पांच छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज़ बन गए। इसके अलावा रोहित ने टी20 अंतर्राष्ट्रीय में अपने 200 छक्के भी पूरे कर लिए हैं और इस आंकड़े तक पहुंचने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज़ भी बन गए। रोहित शर्मा ने मिचेल स्टार्क के ओवर में कुल 29 रन बटोरे और यह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में स्टार्क द्वारा फेंका गया सबसे महंगा ओवर हो गया है। इससे पहले 2021 टी20 विश्व कप फ़ाइनल में उनके एक ओवर में 22 रन बने थे।

भारतीय कप्तान ने मात्र 19 गेंदों में अपना अर्धशतक लगाया। रोहित शर्मा का इस विश?व कप का सबसे तेज अर्धशतक है, साथ ही टी20 विश?व में यह भारत की ओर से लगाया गया युवराज सिंह (12, केएल राहुल 18 के बाद तीसरा सबसे तेज अर्धशतक है। साथ ही यह टी20 करियर में रोहित का भी सबसे तेज अर्धशतक है।

रोहित शर्मा टी20 विश्व कप की एक पारी में सबसे अधिक छक्के लगाने के रिकॉर्ड को अपने नाम कर लिया है। इन्होंने 8 छक्के लगाकर युवराज को पछाड़ा है। भारत ने 8.4 ओवर में अपने 100 रन पूरे किए, जो टी20 विश्व कप में उनका सबसे तेज़ 100 रन है। इससे पहले 2007 में उन्होंने न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ 10.2 ओवरों में अपने 100 रन पूरे किए थे। रोहित जब अपने शतक से आठ रन दूर थे तो स्टार्क ने पारी के 12वें ओवर में वापसी करते हुए रोहित को बोल्ड कर दिया। रोहित ने 41 गेंदों की पारी में सात चौके और आठ छक्के लगाए। उन्हें बाकी बल्लेबाजों का भी उपयोगी सहयोग मिला।सूर्यकुमार यादव ने 16 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 31, शिवम दुबे ने 22 गेंदों में 28 रन, हार्दिक पांड्या ने 17 गेंदों में नाबाद 27, ऋषभ पंत ने 15 और रवींद्र जडेजा ने एक छक्के के सहारे नाबाद नौ रन बनाये।

ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज़ों ने आखिरी 10 ओवरों में कुछ हद तक वापसी की। आठ विकेट बचे होने के बाद भी भारत अंतिम 10 ओवरों में 91 रन ही बना सका, जबकि पहले 10 ओवरों में उन्होंने 114 रन बनाए थे। रोहित शर्मा ने एक पारी में अनेकों रिकॉर्ड बना दिए और दिखाया कि अपने दिन पर कैसे वह अकेले मैच का रुख़ पलट सकते हैं। उनकी इस पारी ने ही उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच बनाया।

# टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने रोहित शर्मा

एजेंस

**ग्रोस आइलेट।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टी 20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अग्रणी रन-स्कोरर बन गए हैं, साथ ही उन्होंने इस प्रारूप में बतौर कप्तान सर्वाधिक जीत दर्ज करने के अपने समकक्ष पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। रोहित ने यह उपलब्धि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर 8 मुकाबले के दौरान हासिल की। रोहित ने मैच में 41 गेंदों पर 7 चौके और 8 छक्के की बदौलत 92 रनों की तूफानी पारी खेली। 157 मैचों में, अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने 32.03 की औसत और 140.75 की स्ट्राइक रेट से 4,165 रन बनाए हैं। बाबर 123 मैचों में 41.03 की औसत से 4,145 रन बनाकर दूसरे स्थान पर खिसक गए। जबकि कोहली 123 मैचों में 48.84 की



औसत से 4,103 रन बनाकर तीसरे स्थान पर खिसक गए। इसके अलावा इस मैच में ऑस्ट्रेलिया को 24 रनों से हराने के बाद रोहित ने बतौर कप्तान अपनी 48वीं टी20 अंतरराष्ट्रीय जीत हासिल की। बाबर ने भी 85 मैचों में टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में पाकिस्तान के कप्तान के रूप में 48 जीत दर्ज की है।

# जिम्बाब्वे टी20 दौरे पर भारत की कप्तानी करेंगे शुभमन गिल

एजेंस

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है, जिसमें रोहित शर्मा, विराट कोहली, ऋषभ पंत और सूर्यकुमार यादव जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को आराम दिया गया है।

इस सीरीज में हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी भी नहीं खेल पाएंगे। ये सभी खिलाड़ी अमेरिका में चल रहे टी20 विश्व कप में हिस्सा ले रहे हैं, लेकिन उन्हें व्यस्त सत्र से पहले आराम दिया गया है। यह सीरीज 6 जुलाई को हरारे में शुरू होगी। इसके बाद के मैच 7, 10, 13 और 14 जुलाई को खेले जाएंगे, जो सभी हरारे में खेले जाएंगे। नियमित कप्तान रोहित की अनुपस्थिति में शुभमन गिल को कप्तान नियुक्त किया गया है।नितीश रेड्डी, रियान पराग, अभिषेक शर्मा और तुषार देशपांडे को आईपीएल में उनके प्रदर्शन के लिए पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। आगामी श्रृंखला में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह की सेवाएं नहीं ली जाएंगी, जिन्हें अच्छा ब्रेक दिया गया है। उनकी अनुपस्थिति में, खलील अहमद और आवेश खान, जो टी20 विश्व कप के लिए स्टैंडबाय ग्रुप का हिस्सा थे, को मुख्य टीम में शामिल किया गया है।

एक और उल्लेखनीय समावेश रिंकू सिंह का है, जो एक प्रतिभाशाली बल्लेबाज हैं, जिन्हें आश्चर्यजनक रूप से यूएसए और वेस्टइंडीज में आयोजित टूर्नामेंट के लिए टी20 विश्व कप टीम से बाहर रखा गया था। उनका चयन उनके समर्थकों के लिए राहत की बात है, जो पहले उनके बाहर होने से निराश थे। 15 सदस्यीय टीम में संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल भी शामिल हैं, जो दोनों टी20 विश्व कप के दौरान दल का हिस्सा थे, लेकिन प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं थे।

भारतीय टीम इस प्रकार है: शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेट कीपर), ध्रुव जुरेल (विकेट कीपर), नितीश रेड्डी, रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे।जिम्बाब्वे टी20 दौरे पर भारत की कप्तानी करेंगे शुभमन गिल; रियान पराग, अभिषेक शर्मा को मिला मौका।

# एआईएफएफ ने स्टिमक की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी, सीमित पहुंच और स्वायत्तता के आरोपों से किया इनकार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच के पद से इगोर स्टिमक को हटाए जाने के बाद की गई टिप्पणियों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।



भारतीय फुटबॉल की शासी संस्था ने एक बयान में कहा कि क्रोएशियाई खिलाड़ी ने पिछले सप्ताह मीडिया से जो टिप्पणी की थी, वह एआईएफएफ को बदनाम करने के एकमात्र इरादे से की गई थी।भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें उन्होंने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) पर कई आरोप लगाए।

महासंघ ने उनके इन आरोपों का भी खंडन किया है कि उन्हें एआईएफएफ के किसी भी अधिकारी से मिलने की अनुमति नहीं दी गई और उनके कार्यकाल के दौरान अध्यक्ष कल्याण चौबे के साथ उनकी कई बार व्यक्तिगत और वर्चुअल बातचीत हुई। बयान में एआईएफएफ ने स्टिमक की जीपीएस उपकरण की अनुपलब्धता संबंधी टिप्पणी को स्वीकार किया है, लेकिन कहा है कि यह केवल 50 दिनों के लिए अनुपलब्ध था और क्रोएशियाई खिलाड़ी का 200 दिनों से अधिक समय का दावा स्पष्ट रूप से भ्रामक है और प्रभाव के लिए मामले को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने का प्रयास है। बयान में 56 वर्षीय स्टिमक के अनुबंध की स्थिति पर भी प्रकाश डाला गया। इसमें कहा गया कि अनुबंध नवीनीकरण को क्रियान्वित करने से पहले एआईएफएफ के अनुकूल समाप्ति खंड सम्मिलित करने के बारे में विशिष्ट निर्देशों का भी पालन नहीं किया गया।

बयान में स्टिमक के सहायक कर्मचारियों के चयन को भी संबोधित किया गया। महासंघ ने कहा कि किसी विशेष व्यक्ति को रखने की उनकी मांग पर भी सवाल नहीं उठाया गया, लेकिन कहा कि यह कई खिलाड़ियों के बीच बेचैनी का विषय था। सभी समर्थन के बावजूद, कोच ने हमेशा दोष को टालने की कोशिश की और उनके अनुसार हर चीज और हर कोई गलत था और किसी भी स्थिति के लिए खुद को छोड़कर हर कोई जिम्मेदार था। बयान में यह भी कहा गया है कि कई खिलाड़ियों ने कई मौकों पर स्टिमक की कोचिंग शैली और रणनीति के बारे में अपनी चिंताओं को एआईएफएफ के ध्यान में लाया है। एआईएफएफ ने अपने कार्यकाल के दौरान स्टिमक के आचरण और एआईएफएफ के प्रति उनके रवैये पर भी सवाल उठाए हैं। मलेशिया में तीसरे एएफसी नेशनल कोच कॉन्फ्रेंस के दौरान मई 2024 की एक घटना का हवाला देते हुए बयान में कहा गया है कि उन्होंने एएफसी अधिकारियों के साथ बातचीत में अपने सहयोगी कर्मचारियों की संख्या गलत बताई थी।

# ऑस्ट्रेलिया पर मिली जीत के बाद अर्शदीप ने की कुलदीप की तारीफ, कहा–वह एक चैंपियन स्पिनर

**ग्रोस आइलेट।** भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने टी 20 विश्व कप 2024 के सुपर आठ मैच में ऑस्ट्रेलिया पर 24 रन से जीत हासिल करने के बाद अपने साथी कुलदीप यादव की प्रशंसा की और उन्हें चैंपियन स्पिनर कहा। कुलदीप यादव ने अपने चार ओवर के स्पेल में 6.00 की इकॉनमी रेट से दो विकेट लिए और 24 रन दिए। वहीं अर्शदीप सिंह ने अपने चार ओवर के स्पेल में 9.20 की इकॉनमी रेट से तीन विकेट लिए और 37 रन दिए।

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में अर्शदीप ने कहा कि कुलदीप भारत के लिए खेलते समय हमेशा अच्छा



प्रदर्शन करते हैं, साथ ही वह टीम के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी है।

अर्शदीप ने कहा, कुलदीप एक चैंपियन स्पिनर है। जब भी उसे मौका मिलता है, वह अच्छा प्रदर्शन करता है और वह हमेशा विकेटों पर रहा है और आज भी वह कठिन छोर से गेंदबाजी कर रहा था और हवा के विपरीत भी, वह लगभग 6 प्रति ओवर की गति से गेंदबाजी करने में सफल रहा और महत्वपूर्ण विकेट लिए। इसलिए, वह हमारी टीम में वास्तव में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी है और हम उससे सब कुछ सीखने के लिए उत्सुक हैं और हमें उम्मीद है कि वह बहुत सारे विकेट लेगा।

उन्होंने आगे कहा कि एक टीम के रूप में उनका आदर्श वाक्य स्टेडियम की परिस्थितियों के अनुकूल ढलना है। उन्होंने यह भी बताया कि जब वे दूसरी पारी में गेंदबाजी कर रहे थे तो मेन इन ब्लू को हवा से अच्छा समर्थन मिला। उन्होंने कहा, खिलाड़ी और टीम के तौर पर हमारा लक्ष्य परिस्थितियों के अनुकूल ढलना है। जब हम इस छोर से गेंदबाजी कर रहे थे, तो हमें हवा से अच्छा समर्थन मिल रहा था और गेंद स्विंग कर रही थी। लेकिन जब आप दूसरी छोर से गेंदबाजी कर रहे होते हैं, तो आपको हवा के विपरीत दिशा में दौड़ना होता है और आपको देखना होता है कि बल्लेबाज उस तरफ से शॉट मारने की कोशिश कर रहे थे और छक्के उस तरफ से जा रहे थे - इसलिए आपका रक्षात्मक विकल्प क्या है और आपको हवा को खेल में कैसे लाना चाहिए और आपको उस तरफ से रक्षात्मक कैसे होना चाहिए और इस तरफ से आक्रमण कैसे करना चाहिए, इस पर भी ध्यान देना होता है।

# हॉकी ने जो कुछ भी दिया है, उसके लिए आभारी हूं: भारतीय गोलकीपर माधुरी किंडो

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम की गोलकीपर माधुरी किंडो, जिन्हें हाल ही में जूनियर टीम से पदोन्नत किया गया है, ने हॉकी को अपने जीवन में सम्मान और स्थिर आय का स्रोत देने का श्रेय दिया है।

माधुरी ओडिशा के बिरमित्रपुर के एक साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखती हैं। बिरमित्रपुर राउरकेला के राजसी बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम से एक घंटे की दूरी पर है।

माधुरी ने अपने जीवन में हॉकी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, बिरमित्रपुर में हमारे पास बिना पक्की छत वाले दो घर थे और परिवार में एकमात्र स्थिर आय मेरे भाई मनोज की थी। उन्होंने करीब एक साल तक नए घर के निर्माण का सारा खर्च उठाया। पश्चिमी रेलवे से नौकरी का प्रस्ताव मिलने के बाद, मैं आखिरकार उनके साथ बोझ साझा कर सकती थी। अपने भाई की मदद करने में सक्षम होना मेरे लिए संतुष्टिदायक था, क्योंकि उन्होंने मुझे उस खेल से परिचित कराया था। मैं हॉकी की आभारी हूँ जिसने मुझे आय, समुदाय में सम्मान और उपलब्धि दी। जब उनके पिता शंकर किंडो खेतों में काम करते थे, तब माधुरी अपने भाई मनोज किंडो के हॉकी कौशल से मोहित हो जाती थीं। उनके नक्शेकदम पर चलते हुए, माधुरी ने हॉकी स्टिक उठाई और 2012 में पानपोश स्पोर्ट्स हॉस्टल में शामिल हो गई। माधुरी शुरू में एक डिफेंडर के रूप में शामिल हुईं, लेकिन अपने एथलेटिक कौशल और त्वरित प्रतिक्रियाओं के कारण, वह गोलकीपर बन



गई। ओडिशा से राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कई बार भाग लेने के बाद, माधुरी को 2021 में भारतीय जूनियर टीम में शामिल किया गया। जापान में जूनियर महिला एशिया कप 2023 में उनके शानदार प्रदर्शन ने, जहाँ टीम ने स्वर्ण पदक जीता, चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया, जिसके बाद उन्हें मुंबई में पश्चिमी रेलवे से नौकरी का प्रस्ताव मिला।रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड हॉकी टीम में जगह बनाने के अलावा, माधुरी ने इस साल अप्रैल में साई बेंगलुरु में एक मूल्यांकन शिविर के बाद भारतीय टीम में भी जगह बनाई है। हालाँकि उन्हें अभी सीनियर स्तर पर पदार्पण करना बाकी है, लेकिन माधुरी अपनी आदर्श सविता के साथ प्रशिक्षण के अवसर का भरपूर आनंद ले रही हैं उन्होंने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, जूनियर और सीनियर टीमों के बीच का अंतर इतना ज़्यादा नहीं है क्योंकि टीम में मेरे पास सविता, बिचू देवी खारीबाम और बंसरी सोलंकी जैसे सीनियर खिलाड़ी हैं जो मेरे खेल में मेरी मदद करते हैं। उन्हें हर दिन कड़ी ट्रेनिंग करते हुए देखने से मुझे उच्चतम स्तर पर खेल के बारे में ज़्यादा जानकारी हासिल करने में मदद मिली है। मेरे पास सुधार की बहुत गुंजाइश है और जैसे-जैसे मैं टीम में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रही हूँ, मैं अपनी कमज़ोरियों पर काम कर रही हूँ ताकि मैं भविष्य में टीम को जीत दिला सकूँ। मैं दुनिया भर की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ़ खेलने के लिए उत्सुक हूँ।

## फास्ट न्यूज

### भागवत 30 जून को काशी के प्रवास पर

**वाराणसी:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 30 जून को वाराणसी पहुंचेंगे और सिगरा स्थित प्रांत कार्यालय में प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। सूत्रों ने बताया कि प्रांत कार्यालय में रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन संघ प्रमुख गाजीपुर के लिए सड़क मार्ग से कड़ी सुरक्षा के बीच रवाना होंगे। गाजीपुर में डॉ. भागवत एक सार्वजनिक कार्यक्रम में परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद पर अधारित पुस्तक का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद हथिया राम मठ में दर्शन पूजन के लिए रवाना होंगे। मठ से संघ प्रमुख विंध्याचल महुआरी कला स्थित देवरहा बाबा हंस आश्रम जाएंगे। यहां आश्रम के पीठाधीश्वर से मिलने के बाद परिसर स्थित ब्रह्मऋषि देवरहा बाबा गीता मानस मंदिर में दर्शन पूजन के बाद रवाना होंगे। संघ प्रमुख के आने का संकेत मिलते ही क्षेत्र एवं प्रांत प्रचारक समेत अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी तैयारियों में जुट गए हैं।

### पांच करोड़ की ठगी करने वाले गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पूर्वी चंपारण:** पटना पुलिस ने पूर्वी व पश्चिमी चंपारण के दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी की पहचान पश्चिमी चंपारण जौकटिया निवासी नेस्ताक आलम और पूर्वी चंपारण नौरंगिया निवासी ईशा कुमारी के रूप में हुई है। ईशा बीकॉम में पढ़ती है, जबकि नेस्ताक छठी क्लास फेल है । दोनों आरोपी को पटना जिले के कदम कुआं थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। इसकी जानकारी देते साइबर थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने मंगलवार को बताया है कि साइबर ठगी से जुड़ा एक केस बीते 3 नवंबर 2023 को दर्ज किया गया था। जिसके उद्भेदन के लिए टीम का गठन किया। टीम ने दोनों आरोपियों को काफी छानबीन के बाद गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि साइबर क्राइम के माध्यम से पैसा ठगने वाला अपराधी का कनेक्शन पश्चिम और पूर्वी चंपारण के रहने वाले दो व्यक्ति से है। दोनों की खोजबीन के दौरान ये बात सामने आई कि दोनों ने पिछले 6 महीने में 5 करोड़ से ज्यादा की ठगी की है। संबंधित आरोपों के बारे में जब डाटा कंगाल गया तो यह सामने आया कि दोनों आरोपी पाकिस्तान में रहने वाले मुल्तान निवासी के साथ-साथ एक दर्जन से अधिक पाकिस्तानियों को पासबुक नंबर उपलब्ध कराते है। यह भी बात सामने आई की ईशा और उसके साथी 10 से 15000 रुपये जमा करके स्टेट बैंक व अन्य बैंकों में करीब 100 से अधिक खाते खुलवाए हैं। थानाध्यक्ष सद्दाम ने बताया कि संबंधित खाता का नंबर पाकिस्तान के 15 से अधिक लोगों को उपलब्ध कराया गया ।

# एमपी सरकार नहीं भरेगी मंत्रियों का इनकम टैक्स

## मोहन कैबिनेट ने 52 साल पुराना नियम बदला; भास्कर ने उठाया था मुद्दा



**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता** में मंगलवार को मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा विकासखण्ड स्तर पर कृषकों को मिट्टी परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के द्वारा नवीन मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं के भवन एवं यथा उपलब्ध प्रयोगशाला उपकरणों को युवा उद्यमियों व संस्थाओं को उपलब्ध कराये जाने की स्वीकृति दी गई है। इससे युवा उद्यमियों/संस्थाओं के माध्यम से किसानों के मृदा नमूनों का परीक्षण कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड (स्वाइल हैल्थ कार्ड) उपलब्ध कराये जाएंगे।

**मध्यप्रदेश स्थानीय प्राधिकरण (निर्वाचन अपराध) अधिनियम 1964 (अद्यतन 2014) में संशोधन:** मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश स्थानीय प्राधिकरण (निर्वाचन अपराध) अधिनियम 1964 (अद्यतन 2014) में संशोधन का निर्णय लिया गया है। भारत निर्वाचन आयोग के लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 के खण्ड (ख) में "प्रिन्ट मीडिया" सम्मिलित नहीं होने से लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अनुरूप करने के लिए म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग की अनुशंसा अनुसार मध्यप्रदेश स्थानीय प्राधिकरण (निर्वाचन अपराध) अधिनियम 1964 की धारा 3(1) के (ख) में संशोधन कर विद्यमान प्रावधान में से शब्द" प्रिन्ट मीडिया के विलोपन की स्वीकृति मंत्रि परिषद द्वारा दी गई।

**सी.एस.आर निधियों के उपयोग से वृक्षारोपण की नीति में संशोधन :** मांत्रि-परिषद ने राजपत्र दिनांक 10 दिसम्बर 2021 में प्रकाशित संयुक्त/सामुदायिक वन प्रबंधन समितियों के माध्यम से सी.एस.आर./सी.ई.आर. निधियों के उपयोग से वृक्षारोपण की नीति में संशोधन का निर्णय लिया।

**सैनिक स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दिये जाने का निर्णय:** मंत्रि-परिषद द्वारा अन्य राज्यों में संचालित सैनिक स्कूलों में अध्ययनरत मध्यप्रदेश के मूल निवासी छात्र व छात्राओं को छात्रवृत्ति देने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि सैनिक स्कूल एक विशिष्ट शिक्षा प्रधान प्रतिष्ठान हैं। राज्य के बाहर के सैनिक स्कूलों में अध्ययनरत म.प्र. राज्य के मूल निवासी छात्र व छात्राओं के लिए छात्रवृति का प्रावधान किये जाने से प्रदेश के युवाओं में सैनिक स्कूलों में प्रवेश के लिए उत्साह बढेगा।

**स्वास्थ्य कार्ड**

▸▸ किसानों के मृदा नमूनों का परीक्षण कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराये जाएंगे

**रेल परियोजनाओं से संबंधित मध्यप्रदेश कार्य (आवंटन) नियम में संशोधन का निर्णय:** मंत्रि-परिषद द्वारा रेल परियोजनाओं से संबंधित कार्य "परिवहन विभाग" से लेकर "लोक निर्माण विभाग" को सौंपे जाने के लिए मध्यप्रदेश कार्य (आवंटन) नियम में संशोधन करने का निर्णय लिया गया। नई रेल लाईनों के प्रस्ताव और उनका निर्माण एवं निर्माण कार्यों के लिए रेल विभाग से समन्वय का कार्य अब लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जायेगा।

**मध्यप्रदेश नगर पालिका (संशोधन) विधेयक 2024:** मंत्रि परिषद द्वारा मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के प्रस्ताव अनुसार विधि एवं विधायी कार्य विभाग के परामर्श से मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1961 की धारा 20 और 45 में संशोधन किये जाने के संबंध में मध्यप्रदेश नगर पालिका (संशोधन) विधेयक 2024 पर मंत्रि परिषद द्वारा स्वीकृति दी गई।
मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश सुधारात्मक सेवायें एवं बंदीगृह विधेयक, 2024 को विधानसभा में पुरःस्थापित कर पारित कराने का निर्णय लिया है।

साथ ही समस्त कार्यवाही किये जाने के लिए जेल विभाग को अधिकृत किया गया है।

# बिहार विधानसभा चुनाव में नीतीश ही होंगे चेहराः बीजेपी



**नई दिल्ली/पटना**
**राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में भले ही** भारतीय जनता पार्टी के पास सबसे ज्यादा विधायक हो लेकिन विधानसभा चुनाव वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ेगी। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने फिर से यह बात स्पष्ट कर दी है। 2020 के विधानसभा चुनाव में जिस तरह से एनडीए उम्मीदवार सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनावी मैदान में उतरे थे, उसी तरह इस बार यानी 2025 के चुनाव में भी उतरेंगे। अब भाजपा के वरीय नेता नीरज कुमार ने कहा कि

**स्पष्ट की**

▸▸ हमलोग नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में लडेंगे और अपार बहुमत के साथ सरकार बनायेंगे

2025 का विधानसभा चुनाव हमलोग नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में लडेंगे और अपार बहुमत के साथ सरकार बनायेंगे। हमारी पार्टी के केंद्रीय और राज्य नेतृत्व दोनो का यही फैसला है।

# आरओ को सफलताः अभ्यर्थियों के दस्तावेज मिले



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की आरओ/एआरओ परीक्षा प्रश्नपत्र लीक के मामले में एसटीएफ को बड़ी सफलता मिली है। एसटीएफ को आरोपी विशाल दुबे के मोबाइल से लीक कराए गए 30 पन्नों का प्रश्नपत्र मिला है। एसटीएफ की जांच में सामने आया कि आरोपी ने पेपर को डिलीट कर दिया था। लेकिन इसे रिकवर कर लिया गया। एसटीएफ ने सभी छह आरोपी विशाल, संदीप, अमरजीत, सुभाष, सुनील और विवेक को सोमवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। एसटीएफ ने रविवार को आरोपियों को गिरफ्तार किया था। सूत्रों के अनुसार, एसटीएफ की पूछताछ में विशाल दुबे समेत अन्य आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने अलग-अलग जगहों से आठ अभ्यर्थियों को पेपर पढ़वाने के लिए भोपाल भेजा था। ये सभी नौ फरवरी को तय जगह पर

**खुलासा**

▸▸ आरोपी के मोबाइल में मिला 30 पन्नों का पेपर; अभ्यर्थियों के दस्तावेज मिले

भोपाल पहुंचे और सभी ने पेपर को अच्छी तरह से रीड किया। इस खुलासे पर अब एसटीएफ की टीम ने सभी आठ अभ्यर्थियों को आरोपी बनाने जा रही है। एसटीएफ जल्द ही इन सभी को गिरफ्तार कर सकती है। एसटीएफ के सूत्रों के अनुसार, पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में यह भी बताया कि इन अभ्यर्थियों से डील तय होने के बाद इनके दस्तावेजों को अपने पास जमा करवाया लिया था। इनमें दसवीं, बारहवीं, स्नातक समेत अन्य डिग्रियां और आधार कार्ड से लेकर अन्य दस्तावेज थे।

# शिक्षा मंत्री के खिलाफ आदिवासियों का विरोध

**टीम एक्शन इंडिया**
**झालावाड़:** जिले के असनावर कस्बे में मंगलवार को आदिवासी समाज ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के डीएनए टेस्ट करवाने वाले बयान के विरोध में प्रदर्शन करते हुए पैदल मार्च निकाला और एसडीएम कार्यालय पहुंच कर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिए।
इस दौरान यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष नेमीचंद मीना की अगुवाई में मौजूद कार्यकर्ताओं ने आदिवासियों के डीएनए जांच के लिए सैंपल दिए।

# आपातकाल को पाठ्यक्रम में शामिल करें: वैंकेया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर मंगलवार को कांस्टीट्यूशनल क्लब में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने आपातकाल के दौरान तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा उनके साथ हुए प्रताड़ना से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि "इंदिरा गांधी की सरकार द्वारा आपातकाल ने देश के लोकतंत्र पर कलंक लगाया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व उपराष्ट्रपति नायडू ने कहा कि सभी छात्रों के लिए पाठ्य पुस्तकों में एक पाठ होना चाहिए कि आपातकाल क्या था और इसे कैसे लगाया गया था?...छात्रों को आपातकाल के




बारे में जानना चाहिए"। यह कार्यक्रम पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के नेतृत्व में हुआ। इसमें आपातकाल के दौरान तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा यातना के शिकार बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और दिल्ली आदि राज्यों के बड़ी संख्या में लोकतंत्र सेनानी वहां पहुंचे थे। आपातकाल को जयप्रकाश नारायण आंदोलन के नाम से भी जाना जाता है।

आजादी के बाद इसे लोकतंत्र की दूसरी आजादी का भी नाम दिया गया है। फिल्म अभिनेत्री एवं सांसद कंगना रनौत ने कहा कि आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय है। इसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उस समय रक्षक ही भक्षक बन गए थे। कंगना ने अपनी फिल्म इमरजेंसी के बारे में भी सभी को अवगत कराया।

**याद किया**

▸▸ पूर्व उपराष्ट्रपति नायडू ने कहा कि सभी छात्रों के लिए पाठ्य पुस्तकों में एक पाठ होना चाहिए



हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय दिनांक 21 से 24 जून तक गुजरात की चार दिवसीय यात्रा पर रहे। अपनी इस चार दिवसीय यात्रा पर राज्यपाल ने पहले दिन लेडी गवर्नर वसंथा बंडारु, उनकी बेटी बंडारु विजयलक्ष्मी, नातिन व परिवार के अन्य सदस्यों सहित देवभूमी द्वारका में स्थित द्वारकाधीश मंदिर पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कर श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना की।

# विद्यार्थी विकसित भारत की संकल्पना के सहभागी बनें: राज्यपाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर/कोटा:** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि कृषि विश्वविद्यालय किसानों के लिए हितकर योजनाओं का निर्माण ही नहीं करे बल्कि वे आधुनिक ज्ञान-विज्ञान के प्रसार केन्द्र के रूप में भी अपनी पहचान बनाएं। उन्होंने विद्यार्थियों को डिग्री प्राप्त कर विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में सहभागी बनने का भी आह्वान किया है। राज्यपाल मंगलवार को कृषि विश्वविद्यालय कोटा के सातवें दीक्षांत समारोह में स्नातक एवं स्नातकोत्तर अभ्यर्थियों को गोल्ड मेडल एवं उपाधियां प्रदान करने के बाद संबोधित कर रहे थे। दीक्षांत समारोह में 310 अभ्यर्थियों को उपाधियां जबकि 10 अभ्यर्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए गए। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में छह छात्राएं एवं चार छात्र शामिल थे। राज्यपाल ने छात्राओं के कृषि के क्षेत्र में आगे बढ़ने पर बधाई देते हुए कहा कि कृषि शिक्षा में छात्राओं ने तेजी से आगे बढ़कर

**हितकर**

▸▸ विश्वविद्यालय आधुनिक ज्ञान-विज्ञान के प्रसार केन्द्र के रूप में भी अपनी पहचान बनाए: राज्यपाल

अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। यह देश एवं समाज के लिए शुभ लक्षण है। उन्होंने कृषि विश्वविद्यालयों का आव्हान किया कि वे पारम्परिक खेती के साथ ही दूसरे देशों में कृषि के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयोगों को ध्यान में रखते हुए किसानों की उपज बढ़ाने की दिशा में प्रयास करें। उन्होंने कृषि के क्षेत्र में उन्नत तकनीक के प्रयोग पर जोर दिया।

मिश्र ने कहा कि विश्वविद्यालय, कृषि प्रबंधन से जुड़े क्षेत्रों में सतत अनुसंधान के विकास कार्य कर रोजगारोन्मुखी दक्षता बढ़ाने के लिए भी निरंतर कार्य करें। इसी से युवाओं का कृषि की ओर रूझान बढ़ेगा।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्रीय गृह मंत्री से की भेंट

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री के साथ राज्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य आपदा मोचन निधि के अन्तर्गत पुनर्प्राप्ति और पुनर्निमाण की गाइडलाइन्स के अनुसार पुनर्निमाण के लिए कम धनराशि होने के कारण आवश्यक धनराशि राज्य को वहन करनी पड़ती है। राज्य सरकार के पास सीमित संसाधनों के वजह से परियोजना के पुनर्निमाण में विलम्ब होता है। उन्होंने राज्य आपदा



मोचन निधि के अन्तर्गत पुनर्निमाण के लिए धनराशि बढ़ाने का अनुरोध किया। राज्य आपदा मोचन निधि के मानकों में प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त 33 केवी से अधिक क्षमता की एचटी लाइन के पुनर्निर्माण के लिए राज्य के लिए धनराशि की व्यवस्था का अनुरोध भी किया।

# विधानसभा उपचुनाव में हार के डर से बौखलाई भाजपाः प्रतिभा

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमलाः** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा है कि भाजपा तीन विधानसभा उप चुनावों में अपनी हार को देखते हुए कांग्रेस सरकार पर ऊलजलूल आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र में पूरा विश्वास रखते हुए इसकी मयार्दाओं का पालन करती है। प्रतिभा सिंह ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि प्रदेश में भाजपा मुद्दों पर कोई बात नही करती। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में विधानसभा उप चुनाव क्यों हुए इस बारे उन्हें लोगों को सच्ची जानकारी देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि क्या बजह थी कि प्रदेश



में भाजपा द्वारा पूर्ण बहुमत वाली कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की गई। प्रतिभा सिंह ने भाजपा के उस दावे को भी पूरी तरह खारिज किया है जिसमें उसके नेता 13 जुलाई के बाद प्रदेश में भाजपा सरकार बनाने का दावा कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के विधायकों की संख्या अभी भी पूर्ण बहुमत से अधिक है और चुनाव परिणाम आने के बाद 13 जुलाई को यह संख्या बढ़कर 41 होने जा रही है। प्रतिभा सिंह ने कांगड़ा,हमीरपुर व सोलन के पार्टी जिला अध्यक्षों व पदाधिकारियों से देहरा,हमीरपुर व नालागढ़ ब्लॉक के सभी पदाधिकारियों के साथ पूरे तालमेल व आपसी समन्वय से चुनाव मैदान में डटने को कहा है। उन्होंने इन नेताओं से फील्ड की पूरी रिपोर्ट देने को भी कहा है जिससे समय रहते किसी भी चुनावी कमी को पूरा किया जा सकें। उन्होंने कहा है कि हर बूथ पर कड़ी निगरानी रखी जानी चाहिए जिससे भाजपा किसी भी तरह से चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित न कर सकें।

प्रतिभा सिंह ने कहा है कि वह जल्द ही इन तीनों विधानसभा क्षेत्रों का विस्तृत दौरा करेंगी। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से एकजुटता के साथ पूरी मजबूती से पार्टी की नीतियों व निर्णयों को लोगों के बीच रखने को कहा है।

**साधा निशाना**

▸▸ प्रतिभा सिंह ने कहा है कि वह जल्द ही इन तीनों विधानसभा क्षेत्रों का विस्तृत दौरा करेंगी

# बंगाल सरकार ने स्कूल बसों में जीपीएस लगाने को कहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता: पश्चिम** बंगाल सरकार ने एक एडवायजरी जारी कर कोलकाता में बच्चों को ले जाने वाली सभी स्कूल बसों और पूल कारों में ट्रैकिंग डिवाइस, पैनिक बटन और गति सीमित करने वाले उपकरण लगाए जाने को कहा है। राज्य परिवहन विभाग ने सभी शैक्षणिक संस्थानों को सूचित किया है कि स्कूल बसों और पूल कारों के लिए अधिकतम स्वीकार्य गति 40 किमी प्रति घंटा है। स्कूल जाने वाले बच्चों की सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए परिवहन सचिव सौमित्र मोहन द्वारा परामर्श जारी किए गए हैं। एडवायजरी में कहा गया है, "सभी स्कूल बसों को पीले रंग में नेवी ब्लू बैंड के साथ रंगा जाना चाहिए और स्कूल का नाम बैंड पर सफेद रंग से अंकित होना चाहिए। बस के आगे, पीछे और किनारों पर "स्कूल बस" शब्द लिखा होना चाहिए। हाल ही में जारी किए गए परामर्श में कहा गया है कि स्कूल बसों में पर्दे या फिल्म वाले शीशे नहीं लगाए जाने चाहिए और बसों के अंदर पर्याप्त सफेद रोशनी होनी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि बसों के अंदर की गतिविधियां बाहर से दिखाई दे। बस में ग्रिल से सुरक्षित उपयुक्त स्कूल बैग रैक उपलब्ध कराए जाने चाहिए, अंदर अग्निशामक यंत्र और प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

**परामर्श**

▸▸ स्कूल बसों में पर्दे या फिल्म वाले शीशे नहीं लगाए जाने चाहिए और बसों के अंदर पर्याप्त सफेद रोशनी होनी चाहिए

**व्यापक**

### पुलिस थानों व जेलों मेंआयोजित होंगे नए आपराधिक कानूनों पर जागरुकता कार्यक्रम

# 01 जुलाई से देश में लागू होंगे नए आपराधिक कानून

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** के मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों के बारे में आगामी 1 जुलाई, 2024 को राज्य के सभी 378 पुलिस थानों और जेलों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य आमजन को तीन नए आपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में



शिक्षित करना है। टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान यह जानकारी दी। बैठक में 1 जुलाई से होने वाले इन नए आपराधिक कानूनों के राष्ट्रव्यापी कार्यान्वयन के लिए राज्यों की तैयारियों की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने आपराधिक न्याय प्रणाली के इस महत्वपूर्ण सुधार में हरियाणा की भूमिका पर गर्व व्यक्त करते हुए इन कानूनों के सुचारू क्रियान्वयन के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि जांच अधिकारियों (आई.ओ.) सहित लगभग 40,000 पुलिस कर्मियों को राज्य के विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षित किया गया है। इसके अलावा, हरियाणा के 300 न्यायिक अधिकारियों ने चंडीगढ़ न्यायिक अकादमी में नए आपराधिक कानूनों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। हाल ही में, हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा), गुरुग्राम द्वारा आईएएस और एचसीएस अधिकारियों के लिए एक ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य अधिकारियों को नए कानूनों की पेचीदगियों से परिचित कराना था। उन्होंने कहा कि इसी तरह के कार्यक्रम ऑफलाइन मोड में मंडल स्तर पर भी आयोजित किए जाएंगे। प्रसाद ने कहा कि राज्य की सभी जेलें पर्याप्त तकनीकी बुनियादी ढांचे से लैस हैं, जिनमें लगभग 300 डेस्कटॉप शामिल हैं।